


# आगजनी के दो दोषियों को 10 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार।** आग लगाकर दो ग्राम वासियों का घर जला देने के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रत्येक पर 60 हजार रुपये जुर्माना भी हुआ है। यह आदेश अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम प्रदीप कुमार सिंह की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश चंद्र देवरस ने बताया कि घटना 30 जून 2010 की रात की है। पटरंगा थाना क्षेत्र के कुढबक्श पुरवा मजरे जुनेदपुर के रहने वाले रतिपाल ने घटना की रिपोर्ट लिखाई थी। कहा था कि गांव के ज्ञानचंद तथा राजेश कुमार ने साजिश के तहत मिलकर ज्ञानचंद ने अपने घर में आग लगा ली, जिससे किसुनील कुमार को फंसाया जा सके। जब ग्राम वासियों ने आग बुझाने की कोशिश की तब उन लोगों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इससे आग भयंकर रूप धारण कर लिया और गांव के हनुमान तथा जगदीश का घर जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में सबके घरेलू सामान, जेवरात सहित सब कुछ जल गया। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों को दोषी पाते हुए सजा दी।

# तीन लाख की जांच, सूची से डिलीट हुए 21 हजार वोटर

अयोध्या कार्यालय।

- 5.94 संभावित डुप्लीकेट वोटरों की जांच का मामला
- ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में जांचे जा रहे मतदाता
- एसआईआर की व्यस्तता से बाधित प्रभावित हुआ पंचायत सूची का काम

**अमृत विचार:** राज्य निर्वाचन आयोग ने ग्राम पंचायत की मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन का समय 16 अप्रैल तक बढ़ा दिया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे एसआईआर के काम के चलते ग्राम पंचायत की सूची का काम प्रभावित होने की आशंका है। तिथि बढ़ाए जाने तक ग्राम पंचायत की मतदाता सूची के लगभग तीन लाख संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की जांच में लगभग 21 हजार वोटरों के नाम



डिलीट किए गए हैं।

ग्राम पंचायत की मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ाने के पीछे बड़ा कारण एसआईआर का काम भी माना जा रहा है। बताया गया है कि अधिकारी से कर्मचारी तक एसआईआर के सुनवाई के काम लग गए। पंचायत सूची के ज्यादातर बीएलओ भी किसी न किसी रूप में एसआईआर से जुड़े हैं। ऐसे में ग्राम पंचायत की मतदाता सूची के संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की पड़ताल का काम प्रभावित हो रहा है। इसके कारण तारीख बढ़ानी पड़ी है।

आयोग ने ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में कुल 5,94,968 वोटर संभावित डुप्लीकेट चिंहित किए गए थे। इनमें से अब तक 3,03,933 वोटरों की जांच पूरी हो चुकी है। अब तक 20992 मतदाता सूची से डिलीट किए जा चुके हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य भान बताते हैं कि जांच का काम अभी चल रहा है।

# अत्याधुनिक संसाधनों से लैस होगा ट्रॉमा सेंटर

## 10 करोड़ रुपये की लागत से दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज में जल्द होगा 110 बेड के भवन का संचालन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 110 बेड क्षमता वाला अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर अब लगभग तैयार हो चुका है। सेंटर को 10 करोड़ के अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। लगभग 33 करोड़ की लागत से निर्मित इस भवन में दुर्घटना, आपातकालीन चोटों और गंभीर मरीजों को एक ही छत के नीचे विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। जिससे अयोध्या और आसपास के जिलों के निवासियों को लखनऊ या अन्य बड़े शहरों की दौड़ से मुक्ति मिलेगी।



मेडिकल कॉलेज में 110 बेड के ट्रामा सेंटर का निर्मित भवन। अमृत विचार

> थर्ड पार्टी असेसमेंट चल रहा है। उद्घाटन के बाद यह प्रदेश के सबसे उन्नत ट्रॉमा सेंटर्स में शामिल होगा। जहां कॉरपोरेट स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर और उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल मिलेगी। पहले से ही लगभग संसाधनों की खरीदारी की जा चुकी है। एक कमेटी बनाऊंगा। कमेटी ही हैंडओवर लेगी।
> –डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया, कार्यवाहक प्राचार्य

यह सेंटर 50 बेड का विशेष ट्रॉमा यूनिट और 60 बेड का इमरजेंसी मेडिसिन विभाग मिलाकर कुल 110 बेड का होगा। निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम ने किया है। प्रारंभिक लक्ष्य मई 2025 तक पूरा करने का था, लेकिन अब 2026 की शुरुआत में यह अंतिम चरण में पहुंच गया है। भवन में एक ही छत के नीचे एक्स-रे, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड जैसी जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिससे गंभीर दुर्घटना पीड़ितों का त्वरित उपचार संभव होगा। इसको संसाधनों से सुसज्जित करने के लिए पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा की ओर से एक व्यापक प्लान बनाया गया था। ट्रॉमा सेंटर को आधुनिक संसाधनों से युक्त करने के लिए तमाम कवायद की गईं। अब ट्रॉमा सेंटर अब लगभग तैयार हो चुका है। असेसमेंट कराया जा रहा है।

**कुछ प्रमुख संसाधनों की सूची**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मल्टी पैरा मॉनिटर | 10 | ग्लूकोमीटर | 25 |
| ईसीजी मशीन 12 चैनल | 03 | स्टेथोस्कोप | 25 |
| पोर्टेबल वेंटिलेटर | 02 | एनस्थीसिया वर्क स्टेशन | 01 |
| पोर्टेबल एक्स–रे | 01 | एग्जीक्यूटिव टेबल | 25 |
| बाईफेसिक डेफब्रीलेटर | 05 | पेशेंट वेटिंग थ्री सीटर | 50 |
| इलेक्ट्रिकल सक्शन अपार्ट्स | 05 | कॉन्फ्रेंस टेबल | 30 |
| पेशेंट स्ट्रेचर (फुल्ली एसएस) | 30 | हाइड्रोलिक टेबल | 03 |
| व्हील चेयर फोल्डेबल | 50 | एलईडी लाइट | 05 |
| ड्रेसिंग ट्रॉली | 25 | फुल्ली ऑटोमेटिक रोटरी माइक्रोटोम–01 | |
| ड्रग ट्रॉली मशीन | 25 | ऑटोमैटेड ब्लड कल्चर इंस्ट्रूमेंट–01 | |
| इंस्ट्रूमेंट ट्रॉली | 25 | | |

# रोजगार मेला 26 को



**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार मिशन रोजगार के तहत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही है। इसी क्रम में अयोध्या में 26 फरवरी को व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग आईईटी परिसर में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सहायक निदेशक सेवायोजन देवब्रत कुमार ने बताया कि इस मेले में 50 से अधिक नामचीन कंपनियां भाग लेंगी और 3000 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। यह मेला 10वीं पास से लेकर स्नातक तक की शैक्षिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए खुला है। रोजगार मेले में प्रवेश एवं आवेदन की पूरी प्रक्रिया निशुल्क है। अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य मेला की तैयारी को लेकर बैठक

**पूराबाजार, अमृत विचार :** अवध इंटरनेशनल स्कूल दर्शननगर में 22 को लगने वाले गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला श्री अयोध्या धाम को लेकर ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह के मड़ना स्थित आवास पर शुक्रवार को बैठक की गई। प्रांत प्रचारक कौशल किशोर ने सभी ग्राम प्रधानों से अपील की कि गरीबों कमजोरों के स्वास्थ्य हित के लिए गांव में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य समिति का गठन कर गांव के अधिक से अधिक लोगों को चिकित्सा सुविधा से लाभान्वित कराया जा सकता है। बैठक को महानगर प्रचारक सुदीप सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रधान संघ अध्यक्ष अंकुर सिंह, महासचिव अनूप वर्मा, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, मंत्री अनिल तिवारी, रमेश सिंह, राकेश सिंह सहित तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** मया ब्लॉक के दलपतपुर के पास स्थित हाथीराम बाबा मंदिर परिसर में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर श्रद्धालु रामचंद्र यादव ने नाराजगी जताई। बयान जारी कर कहा कि प्रत्येक मंगलवार को यहां दूर–दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। परिसर की दुर्दशा के कारण उन्हें भारी परेशानी होती है। आरोप है कि परिसर में जानवर बांधे जा रहे हैं। परिसर खाली कराने, जानवर हटवाने व नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### डॉ. डीके सिंह बने मीडिया प्रभारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. डीके सिंह को एक बार फिर से मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आदेश दिया है कि कॉलेज का कोई भी चिकित्सक व कर्मचारी मीडिया को बयान नहीं देगा।

### 10 नमूने जांच को भेजे, 80 किग्रा पनीर व मावा नष्ट कराया

**अयोध्या, अमृत विचार।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने होली त्योहार को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को 10 नमूनों का संकलन कर जांच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। इस दौरान 80 किग्रा पनीर व मावा नष्ट कराया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य) मानिक चंद्र सिंह ने बताया कि त्योहार में आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सघन प्रवर्तन कार्रवाई जारी रहेगी।

# मेडिकल कॉलेज के छह प्रोफेसर्स ने ली राहत की सांस

अयोध्या कार्यालय।

- पूर्व प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत देने का मामला

**अमृत विचार:** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले छह प्रोफेसर्स को बड़ी राहत मिली है। इन प्रोफेसर्स पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को एक समाजसेवी की ओर से प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसमें उनके खिलाफ जांच की मांग की गई थी। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया ने भी इस संबंध में एक जांच कमेटी गठित की थी।

डॉ. मर्तोलिया ने बताया कि महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा से इस मामले में मौखिक चर्चा हुई है। शिकायत को तथ्यहीन करार दिया गया है। अब जांच की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि कॉलेज को आगे बढ़ाना है तो इन विवादों से निकलना होगा। अब संस्थान में सामान्य कार्य शुरू करने और विकास पर फोकस करने का समय है। बता दें कि छह विभागाध्यक्षों ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और अन्य आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। जनवरी में डॉ. सत्यजीत वर्मा को हटा कर महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया था और डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है।

# 18 को पहुंचे अतिथि, ट्रस्ट ने भेजा निमंत्रण

अयोध्या कार्यालय।

- राष्ट्रपति 19 मार्च को करेंगी राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्री राम महायंत्र की स्थापना

**अमृत विचार :** राम मंदिर में 19 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अतिथियों की सूची तैयार कर आमंत्रण पत्र भेज रहा है। जिसमें साधु-संत, गृहस्थ सहित अन्य समाज के प्रमुख लोगों के नाम शामिल है। बाहर से आने वाले अतिथियों को कार्यक्रम के एक दिन पूर्व 18 मार्च को ही अयोध्या पहुंचने का निवेदन किया है।

तय कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मर्मू 19 मार्च को राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्री राम महायंत्र की स्थापना करेंगी। साथ ही मंदिर के संपूर्ण निर्माण के पूर्ण होने पर 400 प्रमुख वर्करों को




अतिथियों को भेजा जा रहा निमंत्रण पत्र की कॉपी।

सम्मानित किए जाने का कार्यक्रम है। इसको लेकर एक बार फिर राम जन्मभूमि परिसर में भव्य आयोजन की तैयारी है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा अतिथियों को पत्र के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हुए लिखा है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च को वैदिक पञ्चांग के अनुसार भारतीय नववर्ष के दिन श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में राष्ट्रपति महोदया का आगमन सुनिश्चित हुआ है। जिसमें शामिल होने के लिए 18 मार्च की रात्रि तक अयोध्या पहुँचें। इस दौरान आपके निवास, भोजन इत्यादि की व्यवस्था ट्रस्ट के द्वारा की जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि आमंत्रित लोगों को पत्र के माध्यम से जानकारी दी जा रही है।




फतेहपुर सरैया गांव में नवनिर्मित अन्त्येष्टि स्थल का लोकार्पण करते पूर्व सांसद लल्लू सिंह।

### 24 लाख की लागत से बने अन्त्येष्टि स्थल का लोकार्पण

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुर सरैया गांव में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने नवनिर्मित अन्त्येष्टि स्थल का लोकार्पण किया। लगभग 24.36 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस स्थल का निर्माण ग्रामीणों के लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के उद्देश्य से कराया गया है। शिलापट्ट का अनावरण कर पूर्व सांसद ने स्थल को लोकार्पित किया। उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील अवसर पर लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिलना अत्यंत आवश्यक है। कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़क, पेयजल, विद्युत और सामुदायिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में फतेहपुर सरैया प्रधान राधेश्याम, जिपं सदस्य इंद्रभान सिंह, कमलेश सिंह, राम मूरत शर्मा, अवधेश यादव सहित अन्य लोग थे।

# 28 फरवरी से 9 मार्च तक होगा 160 होली स्पेशल बसों का संचालन

अयोध्या कार्यालय।

- परिक्षेत्र के चारों डिपो की 502 बसों को ऑनरोड रखने के निर्देश तैयार

**अमृत विचार :** होली पर्व पर यात्रियों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम ने अयोध्या परिक्षेत्र के चारों डिपो की सभी 502 बसों को ऑनरोड रहने का निर्देश दिया है। साथ ही 160 होली स्पेशल बसों के संचालन की भी योजना बनाई गई है। इनमें दिल्ली मार्ग पर 48 व कानपुर मार्ग पर 112 अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। इन बसों का संचालन 28 फरवरी से 9 मार्च तक होगा। आवश्कता पड़ने पर उनके फेरे भी बढ़ाने के निर्देश हैं। इस दौरान परिक्षेत्र के किसी भी अधिकारी व



कर्मचारियों को विशेष परिस्थितियों को छोड़ अवकाश नहीं दिया जाएगा। रंगों के पर्व होली पर परिक्षेत्र के अयोध्या डिपो से 24, सुल्तानपुर से 12, अंबेडकरनगर से 06 व अमेठी डिपो से 06 अतिरिक्त बसों को दिल्ली मार्ग पर, अयोध्या से 40, सुलतानपुर से 32, अंबेडकरनगर से 24 व अमेठी डिपो से 16 अतिरिक्त बसों को कानपुर मार्ग पर चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि 28 फरवरी से 9 मार्च तक निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारी, चालक व परिचालकों को अति विशिष्ट परिस्थिति (बीमारी या मृत्यु) को छोड़कर किसी प्रकार का अवकाश नहीं दिया जाएगा। एक मार्च से स्थानीय मार्गों पर भी भारी भीड़ होने की संभावना है, ऐसे में निर्देश दिए गए हैं कि स्थानीय यात्रियों की मांग पर भी बसों की उपलब्धता कराई जाए। बताया कि इस अवधि में अनुबंधित बसों को भी अवकाश स्वीकृत नहीं होगा।

### पुनरीक्षण में अभियान दिवस 22 को

**अयोध्या, अमृत विचार:** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 22 फरवरी रविवार को विशेष अभियान दिवस होगा। सभी बीएलओ अपने आवंटित बूथों पर सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची, एएसडीडी (अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक, डुप्लीकेट) सूची एवं तार्किक विसंगतियों की सूची और फार्म-छह, छह-ए, सात और आठ (घोषण पत्र सहित) के साथ उपस्थित रहेंगे। कोई भी पात्र व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए फार्म-छह (घोषण पत्र के साथ) भरकर बीएलओ के पास एडवांस में जमा कर सकते हैं। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने दी।

# सुनसान जगह पर बुजुर्ग महिलाओं से लूट करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय।

- कोतवाली रुदौली, थाना बाबा बाजार समेत बाराबंकी के कोठी थाना क्षेत्र में हुई तीन घटनाओं का हुआ खुलासा

**अमृत विचार :** सुनसान जगह पर बुजुर्ग महिलाओं से छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर आरोपियों को कोतवाली रुदौली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बाराबंकी जिले के एक ही गांव के निवासी हैं, इनसे अयोध्या क्षेत्र की दो व बाराबंकी जिले की एक घटना का खुलासा हुआ है।

रुदौली कोतवाली में एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि 19 जनवरी को थाना बाबा बाजार के पूरे बादराज हंसराजपुर गांव की एक 85 वर्षीय महिला से व 14 फरवरी को थाना रुदौली भेलसर गांव की 75 वर्षीय एक महिला की नाक का बूंदा छीनने की घटना हुई थी। दोनों मामलों में बाइक सवार दो व्यक्तियों के शामिल होने की सूचना थी। घटना की जांच कर रही पुलिस ने सीसीटीवी के माध्यम से दोनों आरोपियों की पहचान की। रुदौली कोतवाल संजय मौर्या व उनकी टीम ने शुक्रवार को अखिलेश उर्फ अभिलेश उर्फ धुनधुन व नईम अहमद निवासीगण ग्राम बिरौली थाना सफदरगंज जिला बाराबंकी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने 31 जनवरी को बाराबंकी जिले के कोठी थाना क्षेत्र के अलीगढ़ गांव निवासी 75 वर्षीय एक महिला से उसका पर्स व गले की सोने की मटर माला छीनने की घटना स्वीकार की। तीनों घटनाओं में छीना गया सामान बरामद किया गया है। एसपी ग्रामीण के अनुसार दोनों आरोपी एक ही गांव के निवासी हैं। वह पुरानी बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलते थे। सुनसान स्थान पर बुजुर्ग महिला को देखकर उसे निशाना बनाते थे। अखिलेश के खिलाफ बाराबंकी में पांच व नईम के खिलाफ तीन मुकदमें दर्ज हैं। दोनों का चालान कर दिया गया है।

धार्मिक मान्यता

फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से आठ दिनों तक होलाष्टक

# 24 फरवरी से लग रहा होलाष्टक, बंद होंगे शुभ काम

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** होली पर्व के एक सप्ताह पहले 24 फरवरी से होलाष्टक लग रहा है। जिसमे सभी शुभ कार्य करना निषेध माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से पूर्णिमा तक होलाष्टक दोष शुरू हो जाते हैं। इस अवधि में आठ दिनों तक कोई शुभ कार्य नहीं किए जाने की परंपरा नहीं है। रंग भरी एकादशी 27 फरवरी को और होली का पर्व चार मार्च को मनाया जाएगा।

रामनगरी में इस वर्ष होली का उत्सव भव्य आयोजनों के बीच बड़े उत्साह के साथ मनाए जाने की तैयारी



- होलिका दहन दो को और चार मार्च को मनाया जाएगा होली का पर्व

है। दो मार्च की रात्रि में होलिका दहन किया जाएगा, लेकिन तीन मार्च चंद्र ग्रहण के कारण चार मार्च को रंगों का पर्व होली मनाई जाएगी। इसके पहले होलाष्टक की शुरूआत हो रही है। आचार्य प्रवीण शर्मा बताते हैं कि होलाष्टक के दिनों में विवाह, नए निर्माण व नए कार्यों का आरंभ नहीं करना चाहिए। ज्योतिष के दृष्टि से होलाष्टक दोष माना जाता है।

वहीं दूसरी तरफ होली के पांच दिन पहले 27 फरवरी को रंगभरी एकादशी पर्व पर रंगोत्सव का पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान मंदिरों में साधु-संत जमकर होली खेलते हैं। प्रसिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के नागा-साधु गाजे-बजे और हनुमानगढ़ी के निशान का निशान साथ में अबीर- गुलाल उड़ाते हुए पंचकोसी मार्ग की परिक्रमा करेंगे। रास्ते में पड़ने वाले सभी मंदिरों को होली का निमंत्रण भी देंगे। इसी के साथ अयोध्या के हजारों मंदिरों में एक साथ रंगोत्सव शुरू हो जाएगा। जो होली के महापर्व के दिन तक चलेगा।

हनुमानगढ़ी के पुजारी रमेश दास ने बताया कि 27 फरवरी से अवध में होली का उत्सव शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्राचीन परंपरा से अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदीय निर्वाणी अखाड़े के नागा संत आराध्य के साथ अबीर-गुलाल खेलने की परंपरा का आगे बढ़ाने का कार्य करते चले आ रहें हैं। इसकी शुरुआत रंगभरी एकादशी की सुबह पहली आरती में हनुमंत लला को अबीर का प्रसाद चढ़ाने के साथ होती है। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद में अबीर दिया जाता है। नागा साधु टोली बनाकर मार्ग पर रुक -रुक कर फगुआ गीत गाते हैं और करतब दिखाते हैं। कहा कि इससे पहले हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास सभी नागा साधुओं के साथ मिलकर उत्सव की शुरुआत करते हैं और जुलूस को आगे ले जाने का आदेश देते हैं। जुलूस का स्वागत श्रद्धालु फूल बरसा कर करते हैं। इसी के साथ नगर के हजारों मंदिरों में आराध्य के साथ होली उत्सव बनाए जाने का कार्यक्रम शुरू हो जाता है।

### प्रशासन ने शुरू की होली की तैयारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** रंगभरी एकादशी से होली अवध की परंपरा है। पं. गिरजा मिश्र बताते हैं कि यह भगवान शंकर और भगवान विष्णु से जुड़ी है। इसीलिए वाराणसी के साथ अयोध्या में रंगभरी एकादशी को त्योहार के रूप में मनाया जाता है। बड़े आयोजन होते हैं। प्रशासन ने इस बड़े आयोजन की तैयारी शुरू कर दी है। मजिस्ट्रेटों को निर्देश जारी कर दिए गए। सिटी मजिस्ट्रेट/रेजीडेण्ट मजिस्ट्रेट के साथ सभी उप जिला मजिस्ट्रेटों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को शांति कानून व्यवस्था संबंधी कार्रवाई का निर्देश जारी कर दिया गया है। निगरानी एडीएम और एसपी रैंक के अफसरों को लगाया गया है। इसके साथ खुफिया को भी सक्रिय कर दिया गया है।

# बड़े बकाएदारों पर नगर निगम टीम का छापा

अयोध्या कार्यालय

कार्रवाई

**अमृत विचार :** बड़े बकायेदारों से गृह एवं जल कर वसूली के अभियान को गति देते हुए नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को तीन बड़े बकायेदारों के यहां छापा मारा। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत अयोध्या धाम के निषाद चौराहा स्थित सबरीरसोईं नगर निगम की टीम पहुंची।

सील करने की कार्रवाई शुरू की तो उन्होंने संपूर्ण बकाया 21 लाख रुपये जमा करने के लिए 28 फरवरी तक की मोहलत मांगी। नगर निगम के दल ने त्रिवेणी सदन अमानीगंज पर धावा बोला तो उन्होंने एक सप्ताह में संपूर्ण बताया 15 लाख रुपये जमा करने का वादा किया। टीम ने पुलिस लाइंस स्थित मनूचा बिल्डिंग पर बकाया 29 लाख रुपये जमा न होने पर सील करने की कार्रवाई करने के लिए बिजली विभाग को 24 घंटे में भवन खाली करने का समय दिया। नगर निगम की टीम में कर निर्धारण अधिकारी विनय प्रताप सिंह, कर अधीक्षक जयप्रकाश, जोनल अधिकारी सुभाष त्रिपाठी, निरीक्षक शुभम गुप्त एवं प्रदीप वर्मा के साथ प्रवर्तन दल के सदस्य शामिल थे।

## न्यूज ब्रीफ

### करंट लगने से महिला की मौत

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** महाराजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऐमी आलापुर में शुक्रवार सुबह खेत की सुरक्षा के लिए लगाए गए तार में प्रवाहित विद्युत करंट की चपेट में आने से गांव निवासी कमला देवी (56) पत्नी स्व. चंद्र प्रकाश निषाद की मौत हो गई। उसके खेत से सटे खेत में गांव के ही चिंतामणि पांडे द्वारा फसल की सुरक्षा के लिए चारों तरफ लगाए गए नंगे तार में बिजली का करंट प्रवाहित किया गया था। इसी दौरान महिला उक्त तार की चपेट में आ गईं। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, प्रथम दृष्टया करंट लगने से मृत्यु की पुष्टि हुई है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पीड़ित के खाते में वापस कराए 4.55 लाख



**अयोध्या, अमृत विचार।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति के खाते में 4.55 लाख रुपये वापस कराने में सफलता पाई है। यह मुकदमा 12 जनवरी 2023 को दर्ज हुआ था। गोलाघाट जिला सुल्तानपुर निवासी पीड़ित मनोज कुमार निवासी ने तहरीर में बताया था कि 28 जून 2022 को ऑनलाइन ठगी कर अज्ञात ने उनके एक खाते से 35 लाख व दूसरे खाते से 2.24 लाख रुपये आरटीजीएस कर निकाल लिए गए थे। मामले की जांच कर रहे साइबर क्राइम थाना पुलिस के प्रभारी मो अरशद ने बताया कि इस संबंध में कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में 4.55 लाख रुपये वापस कराये गये हैं।

### जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बेनीगंज में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन सहायक निदेशक नीरज कुमार ने किया। शाखा प्रबंधक बाब नीतू शुक्ला ने लोन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। सहायक प्रबंधक भारतीय डाक विक्रांत मिश्रा ने डाक विभाग से दिए जाने वाले सहयोग के बारे में बताया। अविनाश कुमार ने इसके बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम को सहायक आयुक्त उद्योग पीके शुक्ला, डॉ.संजय भारती आदि ने जानकारी दी। प्रशिक्षण में 100 से ज्यादा शिल्पकारों/कारीगरों, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, सोनार, लोहार, बढ़ई, मोची, धोबी, नाई, दर्जी आदि ने प्रतिभाग किया।

# सीबीएसई : 12वीं भौतिक विज्ञान में 19 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** सीबीएसई 12 वीं कक्षा की भौतिक विज्ञान की परीक्षा जिले के सभी 13 परीक्षा केन्द्रों पर शुक्रवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। सीबीएसई के जिला को-आर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि भौतिक विज्ञान की परीक्षा में जिले के 19 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। इस परीक्षा में 2369 छात्र-छात्राएं नामांकित थे और 2350 ने परीक्षा दी।

**10 वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा आज**



केंद्रीय विद्यालय में सीबीएसई की परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान फ्लाइंग स्क्वायड ने कुछ परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी प्रकार की कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। सीबीएसई के पर्यवेक्षक की निगरानी में विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। शनिवार को जिले के सभी 13 परीक्षा केन्द्रों पर 10 वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी। उन्होंने परीक्षार्थियों को सलाह दी है कि परीक्षा भवन समय पर पहुंचे और चिन्तामुक्त होकर परीक्षा दें।

### इंटरमीडिएट के 1,542, हाईस्कूल के 2,132 ने छोड़ी परीक्षा

**अयोध्या।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में तीसरे दिन शुक्रवार को इंटरमीडिएट के कुल 1,542 और हाईस्कूल के 2,132 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रथम पाली हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में कुल 37,493 परीक्षार्थियों में से 2,132 गैरहाजिर रहे। जबकि इंटरमीडिएट प्रथम पाली कृषि विज्ञान विषय में कुल पंजीकृत 267 में से सात ने परीक्षा नहीं दी। इंटरमीडिएट द्वितीय पाली अंग की परीक्षा में कुल पंजीकृत 33,535 में से 1,535 ने परीक्षा नहीं दी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि शुक्रवार की प्री में कोई गड़बड़ी नहीं मिली है।

## पहली बार दिखा बोर्ड का शिकंजा, घटे परीक्षा छोड़ने वाले विद्यार्थी

अयोध्या कार्यालय।

- गत वर्ष दो दिन में 7800 तो इस बार केवल 1962 ने छोडा एग्जाम, ऑफलाइन सेंटर पर भी काबू

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षाओं में इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के पहले दो दिनों में परीक्षा बीच में छोड़कर जाने वालों परीक्षार्थियों की संख्या पिछले साल की तुलना में काफी कम रही है। गत वर्ष पहले दो दिनों में कुल 7800 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी थी, जबकि इस वर्ष अभी तक मात्र 1962 अभ्यर्थियों ने ही छोड़ी है। यह आंकड़ा नकल रोकथाम के सख्त उपायों की सफलता को दर्शाता है। अभी तक केवल एक ऑफलाइन परीक्षा केंद्र ही अब तक सामने आया है।

अधिकारियों का कहना है कि सर्विलांस सिस्टम ने नकल के प्रयासों को कुंद कर दिया है। जिससे मेहनत करने वाले छात्र-छात्राओं को निष्पक्ष माहौल मिल रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि यह सफलता दिखाती है कि कड़े कदम और तकनीकी निगरानी से परीक्षा की शुचिता बनी रह सकती है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि छात्रों पर अब आपराधिक मुकदमा नहीं होगा, लेकिन नकल माफियाओं के खिलाफ सात साल तक की जेल और एक करोड़ तक जुर्माने का प्रावधान लागू रहेगा। परीक्षाएं 12 मार्च तक चलेंगी, उम्मीद है कि यह सिलसिला अंत तक जारी रहेगा।



जीजीआईसी में परीक्षा देकर निकलती छात्राएं। अमृत विचार

### एक नजर परीक्षा छोड़ने के आंकड़ों पर

प्रथम दिन - हाईस्कूल शून्य
इंटरमीडिएट 1695
दूसरे दिन -हाईस्कूल - 43
बालक - 23
बालिका - 20
इंटरमीडिएट - 244
बालक - 156
बालिका - 88
तीसरे दिन - शून्य

## बकाया मांगने पर दुकानदार को पीटा, पांच लोगों पर केस

बीकापुर, अयोध्या

**अमृत विचार।** आटा चक्की दुकानदार द्वारा बकाया पैसा मांगने पर मारपीट करने के आरोप में कोतवाली बीकापुर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गुंधौर निवासी प्रतिभा पत्नी राम गोविन्द ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति ने घर में ही आटा चक्की लगा रखी है। गांव निवासी निरंकार सिंह 17 फरवरी को गेहूं पिसवाने के लिए आए। उनके पति ने अपना बकाया पैसा मांगा तो गाली गलौज कर चले गए। थोड़ी देर बाद वह गांव निवासी अनिरुद्ध सिंह, शिव सिंह, दिनेश प्रताप सिंह व राकेश वर्मा के साथ आया और उनके पति को बुरी तरह से मारा-पीटा। इससे उनके पति को काफी चोटें आई है। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## पूर्व सीएमएस ने जारी किया था डीसी जीएसटी का दिव्यांग प्रमाण पत्र !

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कई गंभीर आरोपों से घिरे जिला अस्पताल के पूर्व सीएमएस डॉ. बृज कुमार अब एक नए विवादों में आ गए हैं। डॉ. बृज कुमार द्वारा मऊ जनपद में तैनाती के दौरान का एक फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट वायरल हो रहा है। इसमें तिथि नहीं पड़ी है। आवेदक में प्रशांत कुमार का नाम लिखा है। अब मामले को राज्य कर विभाग में तैनात डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार से जोड़कर देखा जा रहा है। प्रशांत हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से की गई एक टिप्पणी से आहत होकर नाटकीय ढंग से इस्तीफा दे दिया था और चार दिन बाद फिर से नौकरी ज्वॉइन कर ली थी।


CERTIFICATE FOR THE PERSONS WITH DISABILITIES
OFFICE OF THE CHIEF MEDICAL OFFICER
DISTRICT- MAU, UTTAR PRADESH
CHIEF MEDICAL OFFICER

प्रशांत कुमार नाम से जारी वायरल दिव्यांग प्रमाण पत्र।

- कई विवादों से घिरे हैं जिला अस्पताल के पूर्व सीएमएस डॉ. बृज कुमार

माना जा रहा है कि राज्यकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर जीएसटी प्रशांत कुमार सिंह को राज्य कर विभाग में नौकरी दिलाने के लिए डॉ. बृज कुमार ने ही फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट जारी किया था। यह सर्टिफिकेट 27 अक्टूबर 2009 में सीएमओ कार्यालय मऊ से जारी किया गया था। प्रशांत कुमार सिंह को जारी हुए उस दिव्यांगता सर्टिफिकेट को प्रशांत कुमार सिंह के भाई डॉ. विश्वजीत सिंह ने चैलेंज किया है, जिसकी शासन की ओर से जांच कराई जा रही है। डिप्टी कमिश्नर जीएसटी प्रशांत कुमार को चार बार मेडिकल बोर्ड तलब कर चुका है, लेकिन वो बोर्ड के सामने पेश ही नहीं हो रहे हैं। सर्टिफिकेट में अन्य दो चिकित्सकों के हस्ताक्षर नहीं हैं। सीएमओ के हस्ताक्षर के स्थान पर भी डॉ.बृजकुमार के ही हस्ताक्षर हैं। अगर हस्ताक्सक्षर उनका है तो और जांच निष्पक्ष हुई तो डॉ. बृज कुमार बुरी तरह से फंस सकते हैं।

> मैं 2008 से 2016 तक मऊ में एडिशनल सीएमओ के रूप में कार्यरत रहा, लेकिन दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने के बारे में बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। -डॉ.बृज कुमार, मनोरोग चिकित्सक, जिला अस्पताल

## दों गांवों को लिया गोद, होगा समग्र विकास

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार:** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के बसवार कला एवं बसवार खुर्द ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल शुरू की गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा और नाबार्ड ने इन दोनों गांवों को गोद लेकर उनके समग्र विकास के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने का निर्णय लिया है।

इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए उनकी आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है। नाबार्ड के सीजेएम पंकज कुमार ने बताया कि अब तक दोनों संस्थाएं अलग-अलग योजनाओं पर कार्य कर रही थीं, लेकिन अब एकीकृत रणनीति के तहत गांवों के चहुंमुखी विकास पर फोकस किया जाएगा।



किसान को चेक देते नाबार्ड के सीजेएम पंकज कुमार व अन्य।

बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक शैलेंद्र सिंह ने कहा कि योजना की प्राथमिकता गांव में ही रोजगार सृजन करना है, जिससे युवाओं को दिल्ली या गुजरात जैसे राज्यों में पलायन न करना पड़े। अधिकारियों के अनुसार दोनों गांवों में लगभग 650 एकड़ कृषि योग्य भूमि उपलब्ध है, जिससे उन्नत तकनीकों के माध्यम से उत्पादन और आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। कार्यक्रम के दौरान किसान राम बहोर, राम सूरत और अगनू को 1.90 लाख रुपये तथा हरिराम को 1.72 लाख रुपये का किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किया गया। विनय शर्मा, नीरज सचान, अखिलेश मिश्रा, अजय यादव, संजय प्रताप सिंह सहित अनेक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## राहुल गांधी को धमकी देने वाले के विरोध में दी तहरीर

**अयोध्या, अमृत विचार:** कांग्रेसजनों ने राजस्थान के भाजपा नेता राज सिंह अमेरा द्वारा राहुल गांधी को गोली मारने की कथित धमकी के विरोध में नगर कोतवाल को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कचेहरी के सामने प्रार्थना पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि किसी भी राष्ट्रीय नेता को जान से मारने की धमकी देना आपराधिक कृत्य है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि इस प्रकार की धमकियां न केवल एक व्यक्ति बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को भयभीत करने का प्रयास हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने हिंसात्मक भाषा का प्रयोग अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पांडेय, विधि प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट इंद्र प्रताप सिंह, बृजेश रावत, एडवोकेट रामनाथ शर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव, सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा आदि थे।



ददेरा गांव से निकल रही रोड़ निर्माणाधीन रिंग रोड में अंडरपास बनाने की मांग। अमृत विचार

### अंडर पास न बनने से ग्रामीणों में आक्रोश

**पूराबाजार, अमृत विचार :** ददेरा गांव से निकल रही निर्माणधीन रिंग रोड परियोजना में अंडर पास न बनने के से गांव के कई मजरे मुख्य गांव से कट जा रहे हैं। मामले में ग्रामीणों ने चार अगस्त को सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को निवर्तमान सांसद लल्लू सिंह के जरिए एक पत्र से बताया था कि ददेरा गांव के मजरों तिवारी का पुरवा, पाठक का पुरवा, तुलसीतारा, सरकारी स्कूल, पंचायत भवन और पूरे साधौ पांडेय का पुरवा, पूरे हुलास पांडेय का पुरवा, महारानी का पुरवा, कोंडरा व राम वन गमन संपर्क मार्ग मुख्य गांव आवागमन पूरी तरह से बंद हो जाएगा। स्थिति यह होगी कि किसान, विद्यालय जाने वाले बच्चे सहित अन्य कार्यों के लिए जाने वाले इन लोगों को 10 से 15 किलोमीटर की दूरी तय करके किसानों को खेतों में, विद्यार्थियों को विद्यालय और अन्य राहगीरों को जाना पड़ेगा। कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों से अंडरपास निर्माण की मांग की गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि सुनवाई न होने से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।



अयोध्या-लखनऊ एनएच 27 पर गुजरते वाहन। अमृत विचार

### स्थानीय वाहनों से टोल टैक्स वसूली का विरोध

**सोहावल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के रौनाही टोल प्लाजा पर लोकल वाहन चालकों से की जा रही वसूली के विरोध मे दर्जनो स्वयंसेवी संगठनो ने आवाज उठाई है। स्थानीय नेता अभिषेक सिंह, अधिवक्ता दीपक सिंह, अधिवक्ता मुन्ना सिंह, मो. साबिर आदि का आरोप है कि नेशनल हाईवे 27 रौनाही टोल प्लाजा पर लोकल लोगों से टोल टैक्स वसूली की जा रही है। बस्ती की तर्ज पर लोकल वाहनों को मुफ्त आवागमन की छूट देनी होगी। कहा कि मांग को पूरी न करने पर टोल का घेराव के साथ दूसरा विकल्प उसके बराबर एक अलग से वाहनों के आवागमन के लिए अपने निजी खर्च से रास्ता बनाएंगे। जिससे टोल को होने वाली हानि का तंत्र स्वयं जिम्मेदार होगा।

## ऑपरेटर ने मांगे पैसे, सीएचसी अधीक्षक बोले- कराएंगे जांच

**पटरंगा, अयोध्या। अमृत विचार :** सीएचसी मवई के कंप्यूटर ऑपरेटर पर एक महिला ने जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए पैसा मांगने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत सीएचसी अधीक्षक से हुई है। अधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच कराई जाएगी। मवई गांव निवासी गुलनाज बानो पत्नी सलीम ने सीएचसी अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर प्रमोद यादव ने बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए 500 रुपये की मांग की है। कई दिनों से अस्पताल का चक्कर काट रहे हैं। सभी बच्चों का जन्म इस सीएचसी में हुआ है। जो भी कागज मांगा गया, सब दिया है, फिर भी पैसे मांगे जा रहे हैं। पैसे न देने पर अभद्र व्यवहार किया गया और कमरे से भगा दिया।

- जन्म प्रमाण पत्र बनवाने गई महिला ने लगाया आरोप

## हर घर यज्ञ के संकल्प को पूरा करें गायत्री साधक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार अयोध्या जोन की एक दिवसीय गोष्ठी और वैरागी दीप कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई। बैठक गायत्री शक्तिपीठ रामकोट में संपन्न हुआ।

गोष्ठी में अयोध्या जोन समन्वयक देशबंधु तिवारी ने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना, हर घर में गायत्री और हर घर में यज्ञ ही गायत्री परिवार का मुख्य उद्देश्य है। मीडिया प्रभारी नीलम मिश्रा ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार में आचार्य श्रीराम शर्मा द्वारा प्रज्जवलित किए गए अखंड दीप के 100 वर्ष पूरे होने और माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी होने के उपलक्ष्य में यह वर्ष शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। बताया कि गायत्री मिशन एक रचनात्मक अभियान है युग निर्माण हेतु लिए गए संकल्पों को पूरा करने के लिए सभी साधकों को विधिवत् बताया गया। गोष्ठी की शुरुआत डॉ एसबी सिंह, राम केवल यादव, इं. राम अवतार गर्ग ने गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ मां गायत्री प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। गोष्ठी में अजय धवन, डॉ. अनुराग तिवारी, महेंद्र सिंह, शक्तिपीठ के व्यवस्थापक रामकेवल, ज़िला समन्वयक मारकंडेय पाल आदि थे।



गायत्री शक्ति पीठ परिसर अयोध्या में आयोजित बैठक में शामिल गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

**इबादत** | पहली रमजान की रात मस्जिदों से लेकर घर तक रहे इबादत से गुलजार

# रमज़ान में तरावीह की शुरुआत, मस्जिदों में उमड़े रोजेदार

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** पवित्र माह रमजान की शुरुआत के साथ ही शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज का सिलसिला शुरू हो गया है। पहली रमजान की रात बड़ी संख्या में रोजेदारों ने मस्जिदों में जमा होकर बारगाहे इलाही में सजदा किया और कुरआन-ए-पाक की तिलावत में हिस्सा लिया।

शहर की प्रमुख मस्जिदों जामा मस्जिद, ईदगाह, मस्जिद कासिमपुर, तौहीद मस्जिद सहित अन्य छोटी-बड़ी मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ देखने को मिली। ग्रामीण इलाकों में भी इसी उत्साह के साथ तरावीह अदा की गई। रोजेदारों ने कहा कि रमजान की पहली तरावीह में शामिल होना दिल को सुकून देने वाला अनुभव है। हाफिजों द्वारा कुरआन की मधुर तिलावत से माहौल रूहानी हो उठा। मौलाना साजिद ने बताया कि रमजान मुसलमानों के लिए आत्म-शुद्धि, इबादत और भाईचारे का महीना है।

### सगे भाईयों ने एक साथ रखा पहला रोजा, अदा किया खुदा का शुक्र

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रमज़ान के पाक माह में रोजा रखने और इबादत को लेकर बड़ों के साथ बच्चे भी पीछे नहीं हैं। शहरी क्षेत्र से लेकर गांव तक रमजान की रौनक के बीच रोजेदार अल्लाह की इबादत में मशगूल है। पहला रोजा रखने वाले बच्चों का कहना है कि रोज़ा रख और पांचों वक्त की नमाज अदा कर दिल को बड़ा सुकून मिलता है। लालबाग निवासी समाजसेवी बाबा जाहिद खां वारसी के दो बेटों ने एक साथ अपना पहला रोजा रखा। फैजान वारसी ने कहा कि सुबह दुआओं के साथ सहरी करने के बाद नमाज़ अदा की। सुबह थोड़ी परेशानी महसूस हुई लेकिन दोपहर की नमाज के बाद बड़ा आराम और सुकुन हासिल हुआ। हसनैन वारसी ने कहा कि परिवार के साथ वह भी सहरी में उठा और दिन भर आराम से रहा। फर्ज नमाजों के साथ शाम को सबके साथ अफ्तार किया। रुदौली के मोहल्ला अब्बासी निवासी तबरेज आलम के पुत्र रजब अली ने अपना पहला रोजा खुशी के साथ रखा। रजब अली ने बताया कि 15 दिनों से रमज़ान के लिए तैयारी कर रहा था। बहुत अच्छा लगा और हर साल रमज़ान में रोजा रखेगें। आकिब खान पुत्र अब्दुल्ला खान निवासी खिहारन मिल्कीपुर ने पहला रोजा रखा। बताया कि कोई दिक्कत महसूस नहीं हुई। पहला रोजा रखकर उसे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है।



फैजान वारसी, हसनैन वारसी



रजब अली



आकिब खान

## जर्जर भवन में छात्र पढ़ने को मजबूर

मवई, अयोध्या

**अमृत विचार :** मवई की ग्राम सभा कसारी स्थित प्राथमिक विद्यालय बदहाली का शिकार है। जर्जर भवन, गंदगी से भरे शौचालय और पेयजल संकट के बीच छात्र-छात्राएं पढ़ाई करने को विवश हैं।

प्रधानाचार्य रमेश कुमार तिवारी और सहायक शिक्षक इकलाख खान ने बताया कि नियुक्त सफाईकर्मी लवकुश विद्यालय नहीं आता है। इसके चलते शौचालयों में गंदगी का अंबार लगा रहता है। स्थिति ऐसी है कि बच्चों को शौच के लिए विद्यालय परिसर से बाहर जाना पड़ता है। कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विद्यालय की छत और दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं। बरसात के दिनों में कमरों में पानी टपकता है, जिससे पढ़ाई प्रभावित होती है। खंड शिक्षा अधिकारी रामाकांत राम ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच करने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मवई में परिषदीय विद्यालय का जर्जर भवन। अमृत विचार

# भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रतिनिधि ग्रंथ हमारे वेद : महापौर

- अवध विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के श्रीराम शोध पीठ सेमिनार हाल में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार ''रोल ऑफ इंडियन नॉलेज सिस्टम फॉर अचीविंग द गोल ऑफ इंडिया 2047'' का आयोजन पर्यावरण विज्ञान विभाग पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं आईसीएसएसआर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को किया गया।

मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी प्राचीन धरोहर है। सिर्फ सूचना का एकत्रीकरण कभी सुखद नहीं होता। ऋषियों की इस धरती पर हमें अनेक उपहार प्राप्त हुए हैं। गीता का अनुभूति परक ज्ञान प्राप्त होने से जीवन में नए मार्ग प्रशस्त होते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रतिनिधि ग्रंथ हमारे वेद है। हमारे ऋषि मनीषियों ने आंतरिक शोध के जरिए प्रकृति के साथ एक सुंदर समन्वय स्थापित किया और उन्हें वेदों में संग्रहित किया। ज्ञान का विस्तार वेद है वेदांग के तहत शिक्षा, कल्प, व्याकरण निरुक्त, छंद और ज्योतिष है।

विशिष्ट अतिथि गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के प्रो. दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए हमें अपनी मातृभाषा को और सशक्त करना होगा। विकसित भारत 2047 का सपना राष्ट्रीय भाषा के विकास बिना संभव नहीं है। सभी विकसित देश अपनी मातृभाषा में विकास कर रहे हैं। मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के जियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. ध्रुवसेन सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा ने विश्व को बहुत कुछ दिया है। दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन परंपरा हमारी विरासत है। स्वामी विवेकानंद जैसे प्रखर विद्वानों ने वैश्विक पटेल पर इसे स्थापित भी किया है। चिकित्सा विज्ञान, कृषि, अंतरिक्ष, ज्योतिष जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट अध्ययन भारत में पहले से विद्यमान है।



अवध विवि में श्रीराम शोध पीठ में आयोजित सेमीनार में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी का स्वागत करते शिक्षक।



अवध विवि में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में मौजूद शिक्षाविद और वैज्ञानिक।

### भारतीय ज्ञान परंपरा को अपनाना होगा : नगर आयुक्त

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को हमें कई दृष्टिकोण से अपनाना होगा। जिसमें वैश्विक पटल पर भारत की क्या भूमिका हो, क्लीन एंड ग्रीन अर्थव्यवस्था में हमारे ज्ञान परंपरा की प्रभावशीलता का दर्शन हो। नवाचार की खोज कर हमें गरीबी मुक्त रोजगार संसाधन युक्त व्यवस्था अपनानी होगी। समाज में लिंगानुपात को भी ठीक करना होगा। जानकारी के अभाव में नगर की वाटर बॉडी को गंदा किया जा रहा है, इसके लिए जन जागरूकता की आवश्यकता है।

### विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प राष्ट्रभाषा पूर्ण ही करेगी पूर्ण: प्रो. दुर्गेश

### जीवन पद्धति का निर्माण करती है भारतीय शिक्षा प्रणाली : प्रो. हिमांशु

आइक्यूएसी के निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली पूर्ण जीवन पद्धति का निर्माण करती है। देश आर्थिक विकास रूपी रथ पर सवार होकर हमें अपनी संस्कृति को बचाए रखना और ज्ञान परंपरा के अनुरूप स्वयं को विकसित करना है। यदि देखा जाए तो पहले आत्मनिर्भर गांव में वेस्ट जीरो था और पर्यावरण के प्रति लोगों की संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से दिखाई देती थी। स्वागत उद्बोधन प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल ने किया। संचालन पर्यावरण विज्ञान की शोधार्थी अदिति बरनवाल एवं अपर्णा ने किया।

### राष्ट्रीय सेमीनार में इन्होंने प्रस्तुत किया शोधपत्र

कुलसचिव विनय कुमार सिंह, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो. संग्राम सिंह, प्रो. गंगाराम मिश्र, वैज्ञानिक पत्रकार डॉ. राज किशोर, आईएफटीएम विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता के अध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार शुक्ल, संचार विशेषज्ञ चंद्रकांत शर्मा, डॉ. पी के द्विवेदी, डॉ. मनीष सिंह, प्रो. अवधेश कुमार यादव, डॉ. महिमा चौरसिया, डॉ. नवीन पटेल, डॉ. अनिल यादव, डॉ. अभिषेक सिंह ने अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। इसके साथ ही वन विभाग अयोध्या, पूर्वांचल विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश नियोजन विभाग, रामस्वरूप विश्वविद्यालय लखनऊ, उत्तर प्रदेश राजस टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज और, इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज, सागर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मध्य प्रदेश, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ, कोल्हन विश्वविद्यालय झारखंड, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, आईसीएआर आई न्यू दिल्ली, मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय गोरखपुर और एआईआर भुवनेश्वर के वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किया।

# मानदेय बढ़ने से शिक्षामित्रों में खुशी की लहर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** उप्र सरकार द्वारा प्रदेश के शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि और कैशलेस चिकित्सा सुविधा की खबर से अरसे से आस लगाए शिक्षामित्रों के चेहरे पर अब खुशी लौट आई है। मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार किए जाने पर जिले के लगभग पांच हजार शिक्षामित्रों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है।



लम्बे समय से चल रही मानदेय वृद्धि की मांग पूरी हुई। इससे शिक्षामित्रों की मदद हो सकेगी और कार्य में उत्साह होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बहुत-बहुत आभार। **-अनीता तिवारी।**



शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाकर 18 हजार करने के लिए प्रदेश सरकार के इस कदम का स्वागत है। समय की मांग और महंगाई के लिहाज से मानदेय 25 से 30 हजार किया जाना चाहिए। **-किरन श्रीवास्तव।**



उत्तर प्रदेश के हजारों शिक्षामित्र की मांग को स्वीकार करते हुए उनका मानदेय बढ़ाना शिक्षामित्रों के हित की सकारात्मक सोच है। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार का कोटि-कोटि धन्यवाद। **-मंसूर अली।**



प्रदेश के शिक्षामित्रों की मानदेय वृद्धि सरकार का सराहनीय कदम है। साथ ही शिक्षामित्रों को कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान करने के लिए शिक्षा मित्र सरकार के आभारी हैं। **-रामलखन।**



योगी सरकार द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 18 हजार कर वृद्धि का निर्णय सराहनीय है। सभी शिक्षामित्रों में इस निर्णय के बाद खुशी व्याप्त है। प्रदेश सरकार को अपार अभार। **-सुंदरम मौर्या।**



शिक्षामत्रों को होली के पूर्व प्रदेश सरकार द्वारा मानदेय वृद्धि का उपहार सराहनीय है। कैशलेस चिकित्सा सुविधा ने सोने पर सुहागा का काम किया है। सरकार का अभार। **-अजय सिंह।**



बाल सुधार गृह का भ्रमण करने पहुंचे अवध विश्वविद्यालय के विद्यार्थी। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने किया बाल सुधार गृह का भ्रमण

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को बाल सुधार गृह का भ्रमण किया। बाल अपराधी अर्थात संघर्षरत बालकों से विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के प्रश्न किए। उनकी समस्याओं को भी समझा। संघर्षरत बालकों से किन परिस्थितियों में ऐसा हुआ वो जानने का प्रयास किया। इसी दौरान उनकी काउंसलिंग भी की गई तथा उनके रुचियों के विषय में जानने का प्रयास भी किया गया । समन्वयक प्रो. अनूप कुमार के मार्गदर्शन तथा व्यावहारिक मनोविज्ञान की शिक्षिका डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी व डॉ. सरिता पाठक तथा प्रतीक रंजन तिवारी के नेतृत्व में हुआ।

# सामाजिक समरसता महारैली से चुनाव का आगाज

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर से 22 फरवरी 2026 को अहरौला स्थित जनता इंटर कॉलेज मैदान में सामाजिक समरसता महा रैली आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के नेतृत्व में होने वाली इस रैली में 10,000 से अधिक प्रबुद्ध ब्राह्मणों के साथ सर्व समाज के लोग शामिल होंगे। पार्टी इसे आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति का हिस्सा बता रही है।

शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने बताया कि सामाजिक समरसता महा रैली का उद्देश्य समाज में विभाजन को कम करना और सभी वर्गों को साथ लेकर विकास की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ को केवल समाजवादी पार्टी का गढ़ मानने की धारणा को चुनौती देने के लिए यह रैली ऐतिहासिक महत्व की है। डॉ. राजभर ने बताया कि रैली में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल होंगे, जिनमें परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद अनंत राय, स्थानीय भाजपा और शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष प्रमुख होंगे। हालांकि मुख्यमंत्री के विदेश दौरे के कारण उनके शामिल होने की संभावना नहीं है, लेकिन सरकार की ओर से प्रतिनिधि भेजे जाएंगे।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते डॉ. अरविंद राजभर।

उन्होंने विपक्ष पर संविधान और आरक्षण को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। डॉ. राजभर ने कहा कि सुभासपा सभी वर्गों को समान अधिकार देने की पक्षधर है और किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव स्वीकार्य नहीं है। रैली में सबसे खास बात यह होगी कि 10,000 से अधिक प्रबुद्ध ब्राह्मणों के साथ-साथ निषाद, नाई, क्षत्रीय, चौहान और अन्य सर्व समाज के लोग भी शामिल होंगे। डॉ. राजभर ने कह कि वह स्वयं विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि संगठन को मजबूत करने और पूर्वांचल में सभी 28 जिलों में सुभासपा की उपस्थिति बढ़ाने पर ध्यान देंगे। इस रैली के माध्यम से पार्टी समाजवादी पार्टी के आजमगढ़ में मजबूत गढ़ को चुनौती देते हुए आगामी वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव के लिए संदेश देने का प्रयास करेगी।

# मंत्री के निर्देश पर पूरा स्टाफ निदेशालय से किया गया संबद्ध

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में मत्स्य विभाग में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के बाद मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने विभाग के पूरे स्टाफ को निदेशालय से संबद्ध कर दिया है। बता दें कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितताओं की शिकायतों के मंत्री ने यह कार्रवाई किया है।

जनपद के मत्स्य विभाग पर कई महत्वपूर्ण योजनाओं में व्यापक भ्रष्टाचार और अनियमितताएं बरतने के आरोप लगे थे। इन शिकायतों में योजना के लाभार्थियों तक लाभ न पहुंचने और फंड के दुरुपयोग जैसे मामले शामिल थे। इन गंभीर शिकायतों का संज्ञान लेते हुए मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने तत्काल जांच के आदेश दिए थे। निदेशालय द्वारा कराई गई प्राथमिक जांच में कर्मचारियों पर लगे आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। जांच रिपोर्ट में अनियमितताओं के स्पष्ट संकेत मिले, जिसके बाद मंत्री ने सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया। मंत्री ने निर्देश दिया कि मामले की विस्तृत जांच पूरी होने तक जनपद के समस्त मत्स्य विभाग स्टाफ को लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध किया जाए। संबद्ध किए गए अधिकारियों में सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय में तैनात श्वेता सिंह, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक सुनीता सिंह और मत्स्य निरीक्षक उर्दू अनुवादक मोहम्मद अशरफ प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से लखनऊ निदेशालय में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

### विधिक सहायता शिविर 22 को

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेश कुमार मौर्य ने बताया कि 22 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे से लोहिया भवन अकबरपुर में वृहद विधिक सेवा, सहायता सिविल का आयोजन किया जाएगा।

### तमसा नदी में कूदे छात्र को पुलिस ने बचाया

**आज़मगढ़। अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक 20 वर्षीय छात्र ने तमसा नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पीआरवी व स्थानीय लोगों की मदद से छात्र को सुरक्षित बाहर निकालकर उसकी जान बचा ली। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और मानवीय संवेदनशीलता से एक बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार विकिल प्रजापति, निवासी जनपद आज़मगढ़, हाईस्कूल परीक्षा देने के लिए आया था। इसी दौरान उसने तमसा नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस, पीआरवी टीम और स्थानीय नागरिक तत्काल मौके पर पहुंचे और संयुक्त प्रयास से छात्र को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। परिजनों ने बताया कि छात्र मानसिक रूप से अस्वस्थ है। पुलिस की तत्परता और संवेदनशील कार्रवाई से एक अमूल्य जीवन को बचाया जा सका।

### स्वर्गीय चंद्रेज सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता आज

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** स्वर्गीय चंद्रेज सिंह की पुण्य स्मृति में बाबा प्रथम देव बहिरादेव गौरा हरदो के मैदान में भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें हिस्सा लेंगी और क्षेत्र में खेल प्रेमियों के बीच इसे लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजक गुडलक सिंह ने बताया कि स्वर्गीय चंद्रेज सिंह स्मृति में यह दूसरी बार क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह द्वारा किया जाएगा। पुण्यतिथि के अवसर पर 27 फरवरी 2026, दिन शुक्रवार को सुबह 11 बजे भंडारे के साथ ही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 2 लाख रुपये नकद, उपविजेता टीम को 1 लाख रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' को टीवी पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा। आयोजक गुडलक सिंह एवं रासमनी सिंह ने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की गई।

### स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** वन विभाग द्वारा लगाए गए पोधों को अवैध रूप से काटे जाने के मामले में विभाग ने स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मामला अशरफपुर मझगवां का है, जो जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में स्थित है। बता दें कि गांव निवासी विशाल कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री सहित संबंधित अधिकारियों को प्रेषित शिकायत में बताया कि डायनेमिक एकेडमी ऑफ साइंस स्कूल के बगल स्थित उनकी पैतृक भूमि पर पूर्वजों द्वारा आम समेत अन्य फलदार पोधे लगाए गए थे। बाद में ग्राम प्रधान के प्रस्ताव पर उक्त भूमि में वन विभाग द्वारा भी पोधरोपण कराया गया था, जो अब काफी बड़े हो चुके थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा बाग की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से सभी पेड़ों को कटवा दिया गया। मामले की जानकारी जब क्षेत्राधिकारी वन विभाग को दी गई तो उन्होंने स्पष्ट किया कि न तो विभाग द्वारा पेड़ काटे गए हैं और न ही किसी प्रकार की अनुमति दी गई है। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि जहां एक ओर सरकार हर वर्ष करोड़ों पौधे लगाकर हरित अभियान चला रही है, वहीं कुछ अराजक तत्व पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इस घटना से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वन क्षेत्राधिकारी स्नेह कुमार ने बताया कि स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और मामले की जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### बच्चियों से अश्लीलता व अभद्रता पर केस दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कोतवाली जलालपुर नगर में एक दुकानदार व उसके परिवार पर तीन बच्चियों के साथ कथित रूप से अशोभनीय हरकत, अभद्र भाषा और अश्लील इशारा करने के मामले में पुलिस ने काफी जद्दोजहद के बाद आरोपियों के विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस अधीक्षक से शिकायत किए जाने के बावजूद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पीड़िता ने 10 फरवरी को पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी तीन नाबालिक पोतिया है जिनकी उम्र 14 वर्ष 11 वर्ष और 7 वर्ष है विद्यालय में अध्यनरत है और उनकी सुरक्षा व देखरेख की जिम्मेदारी उसी पर है आरोप है कि नगर स्थित गोयल ज्वेलर्स से जुड़े दीपक गोयल उनके पुत्र शिवम गोयल तथा पत्नी बरखा गोयल द्वारा बच्चियों से बार-बार अश्लील इशारे करना अभद्र व लैंगिक टिप्पणियां करना तथा उनका पीछा करना जैसे हरकतें की जा रही है पीड़िता का कहना कि इस घटनाओं से बच्चियाँ भयभीत और मानसिक रूप से परेशान है वह विद्यालय जाने से भी डर रही है तथा घर से बाहर निकलने में असरक्षित महसूस कर रही है पीड़िता ने यह भी दावा किया की घटनाओं से संबंधित साक्ष्य उसके पास मौजूद है, इसके बावजूद पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को जलालपुर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

# मिड-डे-मील में अनियमितताएं पर प्रधानाध्यापिका निलंबित, जांच शुरू

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद में अकबरपुर शिक्षाखंड स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर सकरवारी की प्रभारी प्रधानाध्यापिका हेमलता को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई मिड-डे-मील एमडीएम योजना में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के बाद की गई है। विद्यालय में एमडीएम का भोजन न बनने की शिकायत राजेंद्र भारती द्वारा की गई थी। इसके बाद एक जांच टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एमडीएम पंजिका अपूर्ण पाई गई, जिससे पता चला कि 26 दिसंबर 2025 के बाद से विद्यालय में मध्याह्न भोजन नहीं बनाया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि विद्यालय में कुल सात कुंतल खाद्यान्न जिनमें 4 कुंतल चावल और 3 कुंतल गेहूं उपलब्ध था। इस खाद्यान्न को खुले में बिना किसी बर्तन के रखा गया था और उसमें कीड़े लगे पाए गए। यह स्थिति प्रभारी प्रधानाध्यापिका हेमलता की घोर लापरवाही और अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता को दर्शाती है। मौके पर उपस्थित प्रभारी प्रधानाध्यापिका हेमलता ने एमडीएम न बनने का कारण ग्राम प्रधान द्वारा कन्वर्जन कॉस्ट की धनराशि न निकालना बताया। हालांकि ग्राम प्रधान पति राजेंद्र भारती ने इसके विपरीत कहा कि ग्राम प्रधान ने कई बार हेमलता से एमडीएम रजिस्टर पूर्ण करके लाने को कहा था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। हेमलता ने विद्यालय के विभिन्न खातों में प्रेषित धनराशि के सापेक्ष विगत 5 वर्षों के आहरित धनराशि के बिल वाउचर, कैशबुक, संयुक्त हस्ताक्षर से स्टॉक पंजिका और एमडीएम पासबुक के साथ बैंक स्टेटमेंट नहीं उपलब्ध कराया। बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पटेल ने बताया कि जांच समिति द्वारा उपलब्ध कराई गई आख्या के अनुसार, कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर सकरवारी शिक्षा क्षेत्र अकबरपुर की प्रभ ारी प्रधानाध्यापिका हेमलता प्रथम दृष्टया दोषी पाई गई हैं, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी टांडा को पदेन जांच अधिकारी नामित किया गया है।

# नियोजकों व कर्मियों को कराएं लाभांवित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक किया। बैठक में पीएफ विभाग वाराणसी के सहायक आयुक्त दिवाकर मिश्रा, सहायक श्रमायुक्त राज बहादुर यादव, प्रवर्तन अधिकारी पीएफ विभव श्रीवास्तव, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, नियोजक तथा इससे संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सभी नियोजकों को निर्देशित किया कि वह तत्काल योजना के अंतर्गत अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें, ताकि पात्र कर्मकारों को योजना का लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि जनपद के ऐसे लगभग 1200 नियोजक जो पीएफ अंशदान नहीं कर रहे हैं, उन्हें नोटिस निर्गत किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक नियोजकों एवं कर्मकारों को योजना से आच्छादित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्देशों का अनुपालन न करने की स्थिति में ईपीएफओ विभाग द्वारा संबंधित नियोजकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत नियोजकों को आगामी 24 माह तक एवं विनिर्माण क्षेत्र में कार्य करने वाले नियोजकों को 48 माह तक न्यूनतम 1000 प्रतिमाह और अधिकतम 3000 प्रतिमाह तक प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है। साथ ही पात्र कर्मियों को योजना के अंतर्गत 6 माह तक सदस्यता पूर्ण करने पर दो किस्तों में कुल 15 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।



कलेक्ट्रेट में बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला। अमृत विचार

**योजना** | योजना के तहत किसानों को पंपसेट पर 90 प्रतिशत तक प्रदान किया जाता है अनुदान

# मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत 366 किसान हुए लाभांवित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** केंद्रीय भंडार, लघु सिंचाई विभाग परिसर में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत वर्ष 2015-16 से 2024-25 तक उथली बोरिंग योजना के लाभार्थियों जो अपने निजी पम्पसेट की व्यवस्था नहीं कर पाए थे उन्हें जिलाधिकारी द्वारा पम्पसेट का वितरण किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी अनुपम शुकला एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहे।

सहायक अभियंता लघु सिंचाई सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव ने योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कृषकों को पम्पसेट पर 90 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाता है, जिससे लघु और सीमांत किसानों को सिंचाई सुविधा सुलभ हो सके और कृषि उत्पादन में वृद्धि हो। जिलाधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना का उद्देश्य किसानों को सस्ती एवं सुलभ सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना, वर्षा पर निर्भरता कम करना, फसल उत्पादकता में वृद्धि करना तथा कृषि आय को सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने किसानों को सौर ऊर्जा संचालित पम्पों की उपयोगिता बताते हुए उन्हें अपनाने का आवाह्न किया, जिससे ऊर्जा की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके।



लाभार्थियों के साथ मौजूद जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह। अमृत विचार

### इन्हें मिला योजनाओं का लाभ

कार्यक्रम के तहत 05 एचपी पम्पसेट के अंतर्गत सामान्य वर्ग के 158 तथा अनुसूचित जाति के 195 किसानों सहित कुल 353 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। 6 .5 एचपी पम्पसेट के अंतर्गत सामान्य वर्ग के 05 तथा अनुसूचित जाति के 04 किसानों सहित कुल 09 लाभार्थियों को लाभ मिला, जबकि 08 एचपी पम्पसेट के अंतर्गत सामान्य वर्ग के 03 एवं अनुसूचित जाति के 01 किसान सहित कुल 04 लाभार्थियों को पम्पसेट वितरित किया गया। इस प्रकार कुल 366 किसानों जिनमें 166 सामान्य वर्ग और 200 अनुसूचित जाति के किसान शामिल हैं, जिन्हें योजना का लाभ प्रदान किया गया।

### महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** चार माह की बच्ची का इलाज कराने जा रही महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। पीडित़ा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि पुलिस ने प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध बताते हुए इसे आपसी जमीन विवाद से जुड़ा बताया है। पीडित़ा के अनुसार वह जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी है और इन दिनों जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में आई हुई थी। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे वह अपनी चार माह की बच्ची को इलाज के लिए जलालपुर ले जाने के लिए टेंपो से जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने टेंपो रुकवाकर उसे नीचे उतार लिया और जबरन झाड़ियों की ओर ले जाने का प्रयास किया। महिला का कहना है कि उसी दौरान गुजर रहे राजगीरों के पहुंचने से उसकी आबरू बच सकी।

**न्यूज ब्रीफ**

### राज्य स्तरीय हॉकी में स्वाती व राधा का चयन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता 23 से 28 फरवरी के बीच गोरखपुर में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए सुलतानपुर जिले की दो खिलाड़ियों स्वाती सरोज और राधा का चयन किया गया है। दोनों खिलाड़ी मंडल स्तरीय ट्रायल के लिए क्षेत्रीय खेल कार्यालय डाबा सेमर, अयोध्या में शामिल हुई थीं, जहां उनके प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया कि जिले में महिला हॉकी खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया जाएगा।

### व्यापारियों की सुरक्षा को एसपी ने की बैठक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** व्यापारियों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी है। शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने व्यापारियो के साथ बैठक की। बैठक में त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में शांति व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, दुकान व प्रतिष्ठानों की सुरक्षा तथा बढ़ते साइबर अपराध से बचाव जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। एसपी ने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ने स्पष्ट किया कि व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में क्षेत्राधिकारी नगर, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पेशी के बाद रामचेत के घर पहुंच परिवार से मिले राहुल

## पोती श्रद्धा को गोद में उठाकर दुलराया और दी चॉकलेट

**गोसाईगंज, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** कोर्ट में पेशी के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी रामचेत मोची की दुकान पर पहुंचे व उनके परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों का हालचाल जाना और संवेदना व्यक्त की।

राहुल गांधी ने रामचेत मोची की पोती श्रद्धा को गोद में लिया। बच्ची के पैर में चोट देखकर उन्होंने पूछा तो श्रद्धा ने बताया कि चोट अभी तक ठीक नहीं हुई है। इस पर राहुल गांधी ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से बच्ची के इलाज की व्यवस्था कराने को कहा। उन्होंने श्रद्धा को चॉकलेट भी दी। इस दौरान रामचेत की बहू क्रांति, बेटा राघव राम और पोती श्रद्धा मौजूद रहे। बताया जाता है कि राहुल गांधी कोर्ट से निकलने के बाद सीधे रामचेत मोची की दुकान पर पहुंचे। रामचेत मोची का तीन महीने पहले कैंसर से निधन हो गया था। एक वर्ष पूर्व राहुल गांधी उनकी दुकान पर पहुंचे थे और प्रतीकात्मक रूप से जूते सिल कर उनका हालचाल जाना था। बाद में उन्होंने परिवार की मदद के लिए सिलाई मशीन भी भिजवाई थी।



रामचेत मोची के घर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी। ● अमृत विचार

### रामचेत मोची से मुलाकात बनी मिसाल, मदद कर निभाया था वादा

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जिले के कूरेभार के रहने वाले रामचेत मोची हाईवे किनारे जूते-चप्पल सिलने की छोटी दुकान चलाते थे। 26 जुलाई 2024 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक मामले में पेशी के सिलसिले में सुलतानपुर आए थे। कोर्ट से लखनऊ लौटते समय वे रामचेत की दुकान पर रुके और करीब पांच मिनट तक उनसे बातचीत की। इस दौरान उन्होंने मोची की कारीगरी की बारीकियां जानीं और खुद भी जूता सिलकर देखा।

मुलाकात के दौरान रामचेत ने अपनी आर्थिक परेशानियों से अवगत कराते हुए मदद की गुहार लगाई थी। इसके बाद अगस्त 2025 में राहुल गांधी ने उन्हें करीब एक लाख रुपये कीमत की जापानी सिलाई मशीन भेंट की थी। साथ ही लगभग 50 हजार रुपये कीमत का चार कार्टन सामान भी भेजा और फोन पर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। रामचेत मोची का 11 नवंबर 2025 को कैंसर और टीबी की बीमारी के कारण निधन हो गया। बताया जाता है कि राहुल गांधी ने उनके इलाज में भी सहयोग किया था। उनके निधन के बाद अब उनके बेटे द्वारा दुकान का संचालन किया जा रहा है।

### पेशी के समय कांग्रेस के ये समर्थक रहे मौजूद

**संवाददाता, सुलतानपुर :** राहुल गांधी की पेशी के दौरान कांग्रेस समर्थक अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी, राष्ट्रीय सचिव वीपी सिंह, जिलाध्यक्ष अभिषेक राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, विधि प्रकोष्ठ के एडवोकेट कमर खान, नि. राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी, चेयरमैन प्रत्याशी रहे वरुण मिश्र, पूर्व अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिशुंडी , मदन तिवारी बलराम तिवारी आदि मौजूद रहे।

### बेटों के अत्याचार से दुखी मां ने डीएम से लगाई गुहार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एक बुजुर्ग विधवा मां ने अपने ही चार बेटों पर मारपीट, गाली-गलौज और भोजन व इलाज से वंचित करने का गंभीर आरोप लगाया है। हसनपुर, मुहल्ला नान्हू लोनियन का पुरवा, थाना बंधुआकला निवासी बदामा देवी पत्नी स्व. श्री चंद्र ने डीएम को प्रार्थनापत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। बुजुर्ग महिला के अनुसार, उनके पुत्र बजरंगी, हनुमान, श्रवण और पवन अक्सर उनके साथ मारपीट करते हैं और अपशब्द कहते हैं। आरोप है कि पूर्व में की गई पिटाई से उनका बायां हाथ और दाहिना पैर टूट गया था, जिसका इलाज पड़ोसियों ने कराया। महिला ने प्रशासन से सुरक्षा और दोषी पुत्रों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बंधुआ कला थाना प्रभारी ने बताया कि डीएम के निर्देश पर बुजुर्ग महिला के बेटों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# संग्रह अमीन हत्याकांड में गवाही दर्ज



● **संग्रह अमीन सुरेश व भतीते बृजेश की हत्या का मामला**

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** अपर सत्र न्यायाधीश सुल्तानपुर प्रथम की अदालत में संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की हत्या के मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस दौरान साक्षी इंस्पेक्टर अमर सिंह से बचाव पक्ष ने जिरह की।

एडीजीसी पवन दूबे ने बताया शेष जिरह के लिए कोर्ट ने 25 फरवरी की तारीख नियत की है। अभियोजन के अनुसार 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश के चलते मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव और उनके भतीजे बृजेश यादव की गोली मारकर हत्या से जुड़ा है। मामले में आरोपी जलालुद्दीन सहित दर्जन भर अन्य आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है।

### हत्या के केस में डॉक्टर की गवाही दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अमेठी जिले के थौरा में राहुल सिंह व सुभाष सिंह हत्याकांड में शुक्रवार को सेशन जज सुनील कुमार की अदालत में संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज में तैनात डॉक्टर नीरज वर्मा की गवाही दर्ज की गई। डॉक्टर से बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने जिरह की । कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य को तलब कर सुनवाई के लिए 26 फरवरी की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक 29 अक्टूबर 2021 की घटना में वंश बहादुर सिंह ने अपने परिवार पर जानलेवा हमला करने के आरोप में दिलीप सिंह, मनोज सिंह, अरविंद सिंह समेत अन्य पर केस दर्ज कराया था। आरोप है कि वंश बहादुर के परिजन हमले में घायल हो गये तथा राहुल सिंह व सुभाष सिंह की दौरान इलाज मौत हो गई।

# टीईटी के विरोध में शिक्षक संगठन करेंगे आंदोलन

**बल्दीराय, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संगठनों की संयुक्त बैठक बीआरसी परिसर बल्दीराय में आयोजित की गई, जिसमें शिक्षकों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन का ऐलान करते हुए हुंकार भरी। बैठक उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुलतानपुर के जिला उपाध्यक्ष की अध्यक्षता तथा ब्लॉक अध्यक्ष राजबख्श मौर्या के संयोजन में संपन्न हुई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2025 में आए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर भी टीईटी अनिवार्यता लागू किए जाने से देशभर के लाखों शिक्षकों और उनके परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र की सरकार के मंत्रियों से हुई वार्ता तथा संसद में दिए गए उत्तरों में भी विरोधाभास बताया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे राम बहादुर मिश्र ने कहा कि सभी संगठनों का एक मंच पर आना शिक्षक हितों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिला उपाध्यक्ष ने ब्लॉक पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तहसील प्रभारी विपिन कुमार सिंह ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगा।





टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन शुरू। ● अमृत विचार

● **उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बैठक कर बनाई रणनीति**

बैठक में सर्वसम्मति से आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। इसके तहत 22 फरवरी 2026 को दोपहर 2 से 4 बजे तक एक्स (ट्विटर) पर हैशटैग अभियान चलाया जाएगा। 23 से 25 फरवरी तक शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते हुए विरोध दर्ज कराएंगे। 26 फरवरी को तिकोनिया पार्क में धरना दिया जाएगा तथा शाम 4 बजे जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं मार्च 2026 के तीसरे सप्ताह में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल महारैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ब्लॉक अध्यक्ष राजबख्श मौर्या ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता के विरोध में संगठनों की एकजुटता ही संघर्ष की सबसे बड़ी ताकत है और सभी शिक्षक मिलकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन करेंगे।

बैठक में स्वामीनाथ, अवधेश कुमार तिवारी, सुदीप सिंह, संदीप कुमार वर्मा, राजकुमार, महेश कुमार, केसरनाथ, अनिल देव, नित्यानंद पांडेय, रामसेवक तिवारी, चंद्रपाल पाठक, संजय राणा, शिवाकांत पांडेय, लालू प्रसाद सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक शुभम सेवा से बर्खास्त

## जांच में सिद्ध हुए सात आरोप

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कूरेभार विकास क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कस्बा में तैनात सहायक अध्यापक शुभम त्रिपाठी को विभागीय जांच में गंभीर आरोप सिद्ध होने पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने की है। बीएसए ने बताया कि ग्राम प्रधान निजामपट्टी सहित अन्य शिकायतकर्ताओं द्वारा शिक्षक शुभम त्रिपाठी के खिलाफ कर्तव्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता तथा अधिकारियों के प्रति अमर्यादित व्यवहार की शिकायत की गई थी। शिकायतों के आधार पर बीईओ बल्दीराय को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया, जिन्होंने जांच में सात आरोपों को प्रमाणित पाया। जांच में यह भी सामने आया कि शिक्षक द्वारा विभागीय अधिकारियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा कार्यालय में अनुशासनहीन आचरण किया गया। इसके अलावा विभागीय कार्यक्रमों में सहयोग न करने और कार्य में लापरवाही के आरोप भी सिद्ध पाए गए। आरोपित शिक्षक पर यह भी आरोप है कि निलंबन के दौरान वह बीएसए कार्यालय में तोड़फोड़ किया था और कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की थी। यह भी आरोप है कि यूपी दिवस पर आयोजित प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी करने वाली कई महिला शिक्षकों पर सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी भी की थी। विभाग की ओर से आरोपी शिक्षक को कई बार अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई। इसके बाद सहायक अध्यापक शुभम त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक (बर्खास्त) कर दिया गया।

### मंडलीय बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं पर हुआ मंथन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डा वी के एस चौहान अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अयोध्या मंडल ने की। बैठक में विभाग के अंतर्गत संचालित सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान डा रमेश कुमार संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल भी मौजूद रहे।अयोध्या मंडल के जिलों से सुलतानपुर सीएमओ डॉ भारत भूषण,अमेठी डॉ .अंशुमान सिंह, अंबेडकर नगर डॉ संजय कुमार शैवाल,अयोध्या डॉ . देवेंद्र वितोरिया और बाराबंकी के डॉ अवधेश यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जेईई मेंस में विद्या मंदिर के छात्र चमके

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर के विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2025-26 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

परीक्षा में आयुष प्रताप वर्मा ने 98.6 परसेंटाइल, आशुतोष द्विवेदी ने 98.3 परसेंटाइल, आदर्श वर्मा ने 97.97 परसेंटाइल तथा सागर तिवारी ने 97.58 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए। इसके अलावा आयुष कुमार तिवारी ने 96.24, प्रज्ञा श्रीवास्तव एवं श्लोक बरनवाल ने 96.5, दिव्यांश श्रीवास्तव ने 95.27, अर्पित सिंह ने 94.61, कौशल ने 93.56, मनीष यादव एवं आदित्य यादव ने 93.5 तथा संभव सिंह ने 92.71 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए। वहीं लगभग 11 अन्य विद्यार्थियों ने 90 से 93 परसेंटाइल के बीच अंक हासिल किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेशमणि त्रिपाठी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ एवं उत्साहजनक प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं ही विद्यालय के ब्रांड एम्बेसडर हैं और यही विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर पूरा विद्यालय परिवार स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।





बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# स्वयंसेविकाओं को सौंपी गई जिम्मेदारी

**गोसाईगंज, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के हौसिला प्रसाद सिंह स्मारक महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत शुक्रवार को सात दिवसीय विशेष सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबंधक अवधेंद्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

उद्घाटन अवसर पर ग्राम प्रधान राधेश्याम वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू सिंह (प्रथम इकाई) तथा साधना वर्मा (द्वितीय इकाई) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं को विभिन्न टोलियों में विभाजित कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। एक टोली को राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्वज फहराने एवं रंगोली सजाने का दायित्व दिया गया, जबकि दूसरी टोली को मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई। अन्य टोलियों को प्राथमिक विद्यालय इशहाकपुर एवं प्राथमिक विद्यालय देनवा में स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता और सेवा कार्यों के लिए भेजा गया।





एनएसएस शिविर का शुभारंभ करते कार्यक्रमाधिकारी। ● अमृत विचार

● **सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ**

### 3606 परीक्षार्थियों ने किया एग्जाम से किनारा

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के अंतर्गत प्रथम पाली की परीक्षा जिले भर में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित माहौल में संपन्न हुई। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रथम पाली में कुल 1193 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम पाली के लिए कुल 39,787 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 37,617 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1,170 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। अधिकांश छात्र समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम पाली के लिए कुल 518 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 495 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# 1.82 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा भाईं नहर पुल

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** भाईं-भादर मार्ग पर भाईं गांव के पास जौनपुर शाखा नहर के किलोमीटर 105.368 पर स्थित संकरे पुल के चौड़ीकरण को शासन ने मंजूरी दे दी है। करीब एक करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से पुल का निर्माण कराया जाएगा। सुलतानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह की पहल पर इस परियोजना को स्वीकृति मिली है।

बताया जाता है कि पुल काफी संकरा होने के कारण यहां आए दिन सड़क हादसे होते रहते थे। कई परिवार दुर्घटनाओं में अपनों को खो चुके हैं और लंबे समय से स्थानीय लोग तथा राहगीर पुल के चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। विधायक विनोद सिंह ने इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री स्तर तक कई बार पत्राचार कर लगातार पैरवी की थी। विधायक ने बताया कि संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश शासन रमाकांत वर्मा ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग को पत्र जारी कर पुल चौड़ीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी है। स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। पुल के चौड़ीकरण से जहां सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगने की संभावना है, वहीं क्षेत्र के लोगों का आवागमन भी सुगम हो जाएगा।

**आयोजन** ब्लॉक का सघन निरीक्षण, मची अफरातफरी

# सीडीओ ने चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

**भदैंया, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** विकासखंड भदैंया के अंतर्गत भरथीपुर गांव में शुक्रवार दोपहर पंचायत चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह एवं जिला विकास अधिकारी गजेंद्र तिवारी ने किया। अधिकारियों के आगमन से ब्लॉक परिसर और चौपाल स्थल पर अफरातफरी का माहौल बना रहा।

सीडीओ ने चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का जायजा लिया और कर्मचारियों से विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिक्षा विभाग के स्टाल पर उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि चौपाल के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। स्वयं सहायता समूहों से सोलर लाइट समेत अन्य गतिविधियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने एडीओ आईएसबी को निर्देश दिया कि समूहों को पीएम सूर्य घर योजना में पंजीकृत कराकर सीधे कार्य से जोड़ा जाए।

जिला विकास अधिकारी गजेंद्र तिवारी ने विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवास और पेंशन योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। चौपाल के दौरान बाल विकास विभाग की ओर से गर्भवती महिला मामवती पत्नी मनीष की गोदभराई तथा रीतिका पुत्री रवि का अन्नप्राशन संस्कार सीडीओ द्वारा कराया गया। चौपाल में ग्रामीण कल्लू तिवारी ने छुट्टा पशुओं की समस्या उठाई, जिस पर सीडीओ ने संबंधित कर्मचारियों को शिकायत का शीघ्र निस्तारण कर सूचना देने के निर्देश दिए।

इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट डॉ. रिदम आनंद, एडीओ पंचायत सतीशचंद्र श्रीवास्तव, सहकारिता विभाग के नरेंद्र कुमार, आईएसबी दिग्विजय सिंह, सीडीपीओ दयाराम, सुपरवाइजर नीरज सिंह, श्रद्धा तिवारी, अंजू सिंह, सप्लाई इंस्पेक्टर नन्हे सिंह तथा सचिव संगीता सरोज सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।



स्टालों का निरीक्षण करते सीडीओ। ● अमृत विचार

### राज्यमंत्री स्तर की अध्यक्ष ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

**संवाददाता, सुलतानपुर अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) कमलावती सिंह शुक्रवार को सुलतानपुर पहुंची। जिला प्रोबेशन अधिकारी वी पी वर्मा के निर्देशन में विभागीय अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया ।अध्यक्ष ने महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने निजाम पट्टी पांचो पीरन स्थित सखी वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रोस्टर के अनुसार सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। काउंसिलिंग, शेल्टर और मेडिकल रजिस्टर अपडेट पाए गए ।अध्यक्ष ने केंद्र की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैने अपना नाम PREM NARAIN से बदलकर PREM NARAIN PORWAL रख लिया अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। PREM NARAIN PORWAL R/0-6/854 SHIV MANDIR KE PASS, VIKAS NAGAR S-O DIST-LUCKNOW-226022 (U.P.)

**सूचना**

मैं VASEEM पुत्र श्री HASANAIN, निवासी ग्राम-58, सराय जरगर, पो0 -खारोसा, थाना- कोतवाली देहात, गोण्डा, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैने अपना नाम बदलकर WASEEM AHMAD कर लिया है, अत: आज से मुझे WASEEM AHMAD के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **इकबाल अहमद पुत्र नजीबुल हसन निवासी-गाड़ी बाजार कस्बा व तहसील करनैलगंज जनपद गोंडा** का निवासी हूँ। मेरे समस्त अभिलेख में जन्मतिथि 11/02/1991 दर्ज है, जोकि सही एवं सत्य है। भविष्य में मेरे अन्य अभिलेख का सत्यापन इसी जन्मतिथि के आधार पर माना जाए।

**सूचना**

मैं अपने बडे पुत्र रिंकू वर्मा का चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके किसी भी कृत्य से मेरा या मेरे परिवार का वास्ता सरोकार नहीं होगा, **राधेश्याम वर्मा पुत्र पारसनाथ वर्मा मोहल्ला बमपुलुस करनैलगंज, गोण्डा**

**सूचना**

मै **हरतालिका उर्फ ननकऊ पुत्र संतलाल ग्राम व पोस्ट भोजपुर जनपद रायबरेली** का मूल निवासी हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा में पालिसी संख्या 215573909 में मेरा नाम ननकऊ अंकित है जबकि मेरा नाम हरितालिका उर्फ ननकऊ के नाम से जाना पहचाना जाता हूं।

**सूचना**

मैने अपना नाम TANVEER SARA से बदलकर TANVEER ZAHARA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0- MOHAMMAD HAIDER ADD-MOHALLA JAFRABAD JALALPUR DIST-AMBEDKAR NAGAR-224149(U.P.)

**सूचना**

मै **दानिश पुत्र हासिम अली निवासी ग्राम व पो0 परियर, थाना कोतवाली सफीपुर, जनपद उन्नाव उ0प्र0,** मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स जिसका नं0-यू0पी0 35- 20230011013 है। जिसमे पिता का नाम त्रुटिवश मोहम्मद हासिम अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड, पैनकार्ड व शैक्षिक अभिभलेखो में पिता का नाम हासिम अली अंकित है जो सच व सही है। अत: मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स में मेरे पिता का नाम मोहम्मद हासिम के स्थान पर सही व वास्तविक नाम हासिम अली लिखा जावे।

**सूचना**

मैने और मेरी पत्नी ने अपने बड़े बेटे पुनीत कुमार व उसकी पत्नी चेतना के गलत चाल-चलन के कारण अपनी सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं,उपरोक्तों के कोई कृत्य,वाद- विवाद,लेन-देन से हमारे परिवार का कोई वास्ता-सरोकार नहीं होगा। **रविकांत पुत्र वेदप्रकाश,सुनीता पत्नी रविकांत,ग्राम बेटियापुर-बेर,भरथना, इटावा,यू.पी.**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथी दिवाकर रावत पुत्र श्री रामकुमार निवासी-सी-3152, राजाजीपुरम, लखनऊ का हूं। शपथी की पुत्री का सही व शुद्ध नाम आद्रीका रावत है। त्रुटिवश शपथी की पुत्री का नाम शैक्षिक अभिलेखों में आद्रीका रानावत अंकित हो गया है जो गलत है। अत: शपथी अपनी पुत्री का सही व शुद्ध नाम आद्रीका रावत अंकित कराना चाहता है। **- शपथी**

**सूचना**

मैंने अपने पौत्र पंकज पुत्र स्व. अशोक कुमार को उसके गलत बर्ताव चाल-चलन के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, अब उससे मेरा मेरी पत्नी राम प्यारी, पौत्र अंकित की पत्नी गायत्री, साधना पत्नी पंकज उसकी पुत्री अवनि आयु 10 साल, पुत्र अर्नव आयु छह साल से कोई संबंध नही है। इसके किसी कृत्य के लिए हम सब लोग जिम्मेदार नहीं हैं। **रामकृष्ण पुत्र सुबेदार, निवासी मो. कासूपेट, सांडी रोड, बिलग्राम-हरदोई**

**सूचना**

मैं **अवध कुमारी पत्नी फतेह बहादुर सिंह नि. सोनवरसा परगना व तहसील सलोन जिला रायबरेली** की मूल निवासी हूं। मैं अपने पुत्र महेंद्र सिंह पुत्र स्व. फतेह बहादुर सिंह निवासी ग्राम सोनवरसा के आचरण से परेशान होकर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं और उसके द्वारा किए गए कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। भविष्य में किसी प्रकार का कोई वास्ता सरोकार नहीं रखूंगी।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्र का सही नाम आकार पटेल (AAKAR PATEL) पुत्र अरुण कुमार (ARUN KUMAR) है। जो की उसके शौक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरी पुत्र के आधार कार्ड संख्या- 863106610298 में उसका नाम शिवाय (SHIVAAY) अंकित हो गया है जो की गलत है भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम आकार पटेल (AAKAR PATEL) पुत्र अरुण कुमार (ARUN KUMAR) के नाम से जाना व् पहचाना जायेगा। इतद्द्वारा प्रमादित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में सभी औपचारिकताये मेरे स्वंय द्वारा पूर्ण की गई है। अरुण कुमार निवासी कन्नी खेड़ा, ऐन, हरौनी, लखनऊ उत्तर प्रदेश 227101

**न्यूज ब्रीफ**

### मध्यस्थता पैनल की सूची हुई जारी

**गोंडा, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में मध्यस्थों के पैनल के चयनित अधिवक्ताओं की सूची जारी कर दी गई है। पैनल के गठन के लिए अधिवक्ताओं का साक्षात्कार पूर्व में ही संपन्न हो चुका था। पैनल में 24 अधिवक्ता चयनित किए गए हैं। सिविल जज सीनियर डिवीजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह ने बताया कि पक्षकारों की आपसी सहमति से वादों का निपटारा मध्यस्थता के द्वारा किया जाता है। पैनल में मध्यस्थों की संख्या बढ़ने से ज्यादा से ज्यादा मामले निस्तारित कराये जा सकेंगे।

### मेगा कैंप की तैयारियों की हुई समीक्षा

**गोंडा, अमृत विचार :** रविवार 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा कैंप के नोडल अधिकारी अपर जिला जज दानिश हसनैन व सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह ने अपर जिला अधिकारी आलोक कुमार के साथ तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मेगा कैंप में लाभार्थियों की सुविधा के लिए डाक्टरों की टीम मौके पर मौजूद रहेगी। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा गया है। अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि सभी विभागों को अपना स्टॉल लगाने व ज्यादा से ज्यादा लोगों को कैंप में लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया गया है। नोडल अधिकारी व प्रभारी सचिव ने बताया कि मेगा कैंप का उद्घाटन सुबह 10 बजे होगा। कैंप में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# बारात में जा रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**रफ्तार की मार**

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** वजीरगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। हादसा डुमरियाडीह चौकी क्षेत्र के वनघुसरा पेट्रोल पंप के पास हुआ। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के पाठक पुरवा गांव निवासी विशाल (20) पुत्र माता प्रसाद और अवनीश (19) पुत्र राजकुमार गुरुवार की शाम बारात में शामिल होने बाइक से जा रहे थे। बताया जा रहा है कि खोरंहसा के रसूलपुर निवासी अपनी बुआ रूपा के पुत्र कप्तान की बारात में शामिल होने के लिए तरबगंज क्षेत्र के रामपुर टेंगरहा पाण्डेय पुरवा जा रहे थे। जब वे डुमरियाडीह चौकी क्षेत्र स्थित वनघुसरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार और अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और मरणासन्न अवस्था में पहुंच गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

थानाध्यक्ष विपुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और मामले की जांच जारी है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। एक ही क्षेत्र के दो युवकों की असमय मौत से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।


पेड़ से टकराई स्कार्पियो। अमृत विचार

### परासराय के पास झपकी आने से पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो, बारात जा रहे पांच घायल

**गोंडा कार्यालय , अमृत विचार :** इटियाथोक थाना क्षेत्र के परासराय के पास शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। बलरामपुर से बारात में शामिल होकर स्कॉर्पियो से गोंडा की ओर आ रहे बारातियों की गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे आम के पेड़ से जा टकराई। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि घटना सुबह करीब 4 बजे हुई। स्कॉर्पियो में सवार तुलसीपुर नवाबगंज निवासी मुन्नालाल, दिनेश, सोनू, कृष्ण बहादुर व तारामन गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही इटियाथोक पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को दो अलग-अलग एंबुलेंस की मदद से गोंडा मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही घायलों के परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए।थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में वाहन चालक को झपकी आने की बात सामने आई है, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। गाड़ी तेज रफ्तार में थी। इस हादसे में किसी की मृत्यु नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

**रुपईडीह, अमृत विचार:** कौड़िया थाना क्षेत्र में आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए करनैलगंज के क्षेत्राधिकारी अभिषेक दवाच्या की देख-रेख में थाना परिसर में आयोजित किए गए बैठक में उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए विवादों के बारे में जानकारी हासिल की तथा ऐसे कार्य न किए जाने का निर्देश दिया जिससे कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न हो। कहा गया कि त्योहार में अशांति फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

# पर्व को लेकर पुलिस-व्यापारियों की हुई बैठक

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत ने कोतवाली नगर थाना परिसर में व्यापार मंडल पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बाजारों में बढ़ने वाली भीड़, यातायात दबाव, पार्किंग व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों के दौरान बाजारों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि दुकान के बाहर अतिक्रमण न करें, वाहनों की पार्किंग निर्धारित स्थानों पर ही कराएं तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यकतानुसार डायवर्जन योजना लागू की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीओ सदर अंगद राय ,नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, व्यापारी नेता भूपेंद्र आर्य, शिवकुमार सोनी समेत अन्य मौजूद रहे।


व्यापारी नेताओं के साथ बैठक करते एएसपी। अमृत विचार

# पलटी बोगियों से 3.80 लाख रुपये का कॉपर वायर चोरी

गोंडा कार्यालय

- **अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज, सुरक्षा को लेकर उठे सवाल**

**अमृत विचार:** जिले में हुए भीषण रेल हादसे के करीब 19 माह बाद दुर्घटनास्थल से रेलवे संपत्ति की चोरी का मामला सामने आया है। मोतीगंज थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के पास पटरी से उतरी चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस (15904) की क्षतिग्रस्त एसी बोगियों से लगभग 3.80 लाख रुपये मूल्य का कॉपर वायर गायब पाया गया है। मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीते 18 जुलाई 2024 को हुए इस भीषण हादसे में पांच यात्रियों की मौत हुई थी, जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त 18 बोगियों में से 11 की नीलामी करीब 80 लाख रुपये में हो चुकी है, जबकि शेष सात एसी कोचों की नीलामी प्रक्रिया जारी थी। इसी दौरान तकनीकी मूल्यांकन में कॉपर वायर गायब होने का मामला सामने आया, जिससे नीलामी प्रक्रिया प्रभावित हो गई। आरपीएफ पोस्ट कमांडर अनिरुद्ध राय ने बताया कि विभागीय टीम ने जांच के दौरान चोरी की पुष्टि की है। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि सुरक्षा व्यवस्था के बीच इतनी बड़ी मात्रा में कॉपर वायर कैसे चोरी हुआ।

## ग्राम चौपाल में दी गयी योजनाओं की जानकारी

**बालपुर, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत सिकरी में ग्राम चौपाल आयोजित कर जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। हलधरमऊ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकरी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। बैठक में एडीओ आईएसबी विजय बहादुर, सचिव संतोष कुमार मिश्रा, ग्राम प्रधान सुधा सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना तथा मनरेगा सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। ग्रामीणों ने आवास, सड़क, शौचालय, पेयजल और बिजली से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ती है।

# हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव आयोजित

संवाददाता करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र करनैलगंज में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में छात्रों की निपुणता, बौद्धिक एवं रचनात्मक विकास पर जोर देते हुए आंगनबाड़ी और विद्यालय के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि प्रारम्भिक स्तर पर मजबूत शैक्षिक आधार ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। एआरपी मो. इक़बाल ने शिक्षण-अधिगम सामग्री टीएलएम के माध्यम से छात्रों को निपुण बनाने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, तेज बहादुर सिंह तथा बाबूलाल यादव ने आंगनवाड़ी एवं विद्यालय के समन्वय से बच्चों में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन आलोक दीक्षित ने किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अध्यापकों द्वारा निर्मित टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनकी सराहना की गई। आयोजन में समस्त न्याय पंचायतों के संकुल शिक्षक, आंगनवाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्त्री उपस्थित रहीं।


हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और बच्चे। अमृत विचार

# मिटाने गया था दर्द-बुखार, झोलाछाप ने दे दी मौत

**नवाबगंज, गोंडाः** बिना डिग्री गली-कूचों में क्लीनिक खोलकर इलाज कर रहे झोलाछाप की लापरवाही ने एक किसान की जान ले ली। खेत में काम निपटाकर हरारत दूर करने के लिए एक झोलाछाप के पास पहुंच गया। झोलाछाप ने आव देखा न ताव, ठोक दिया दो इंजेक्शन। हरारत तो दूर नहीं हुई बल्कि उसके प्राण पखेरू उड़ गए और परिवार के लिए दर्द और पीड़ा छोड़ गया। यह पीड़ा देने वाला अब फरार है और जिम्मेदार केवल कुछ कार्रवाई के नाम पर दिलासा दे रहे हैं। सवाल है कि जिले क्या प्रदेश भर में फैले हजारों झोलाछाप की डाक्टरी ऐसे चलती रहेगी और लोग अपनी जान देते रहेंगे। मृतक राम करन वर्मा की पत्नी पायल वर्मा के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब एक बजे उसके पति खेत से सिंचाई कर घर लौटे। उन्होंने हल्का बुखार और पैर में दर्द की शिकायत की। भोजन के बाद वह खुद साइकिल से किशुनदासपुर-टिकरी मार्ग पर पुलिया के पास दुकान चलाने वाले कथित डॉक्टर मानिक चंद पासवान के पास दवा लेने पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि बिना किसी जांच-पड़ताल के आरोपी ने तुरंत एक इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही हालत बिगड़ गई, लेकिन इसके बावजूद दूसरा इंजेक्शन भी लगा दिया गया। कुछ ही देर में राम करन बेहोश होकर गिर पड़े।परिजनों का कहना है कि काफी देर तक मौके पर ही उपचार का नाटक चलता रहा। हालत ज्यादा गंभीर होने पर परिजन उन्हें अयोध्या के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसी बीच आरोपी ने दुकान से बोर्ड हटा लिया और फरार हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि मानिक चंद पासवान के पास कोई वैध चिकित्सा डिग्री नहीं है और वह लंबे समय से तुक्के के आधार पर इलाज कर रहा था। इससे पहले भी उसके इलाज से एक बुजुर्ग महिला की मौत और एक युवक को इंजेक्शन के बाद गंभीर सूजन की शिकायत होने की बात सामने आई थी, लेकिन मामले दबा दिए गए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राम मोहन सिंह ने कहा कि मामले की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।




इसी दुकान में झोलाछाप चलाता था क्लीनिक। अमृत विचार

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

राम करन वर्मा खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार में पत्नी पायल वर्मा व इकलौता बेटा सुजीत कुमार (विवाहित) हैं, जो दो माह पहले चेन्नई से घर लौटा था। घर में मातम पसरा है और परिजनों का हाल बेहाल है।

# चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरूक

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** शुक्रवार को जिले में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। एंटी रोमियो स्क्वायड टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में गांव, कस्बों और सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं एवं छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपायों तथा कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। टीमों ने उनकी व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवागमन के दौरान आने वाली परेशानियों पर चर्चा कर समाधान का भरोसा दिलाया। महिलाओं से फीडबैक फॉर्म भी भरवाए गए, जिनके आधार पर संवेदनशील एवं हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए गए मनचलों को एण्टी रोमियो स्क्वायड द्वारा रेड कार्ड जारी कर चेतावनी दी गई, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। टीमों ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है। साथ ही 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन एवं 102 स्वास्थ्य सेवा नंबरों की जानकारी दी गई। साइबर सुरक्षा के तहत अज्ञात कॉल या संदेश पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, बैंकिंग धोखाधड़ी से सतर्क रहने व सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखने की भी अपील की गई।


बेटियों और महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## जड़ भरत और प्रह्लाद की कथा से भक्त भाव-विभोर

**मनकापुर, गोंडाः** घुनाही में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में गुरुवार को कथा वाचक सौरभ शास्त्री ने जड़ भरत व प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई। कथा वाचक ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से ही मनुष्य की सारी व्यथाएं दूर हो जाती है। उन्होंने जड़ भरत व भक्त प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि जड़ भरत का प्रकृत नाम भरत जो पूर्व जन्म में स्वयंभुव वंशी ऋषभदेव के पुत्र थे। मृत्योपरांत उन्हें ब्राह्मण का शरीर प्राप्त हुआ। शरीर बदलने के बाद भी उन्हें पूर्व जन्म का ज्ञान पहले की ही भांति बन रहा। उन्होंने कहा कि भक्त प्रहलाद राक्षस का बेटा था। भगवान से उसे यह वरदान मिला था कि किसी भी अस्त्र-शस्त्र से नहीं मारे जाओगे। कथा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए थे। इस अवसर पर शोभा देवी, गंगा प्रसाद तिवारी, विनोद तिवारी, केदार नाथ मिश्र, महेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश पांडेय, प्रमोद सहित अन्य श्रोता मौजूद रहे।

# किसानों को बताई नवीन तकनीकी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** आईटीसी चौपाल सागर परिसर में आयोजित चौपाल महोत्सव के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसानों को कृषि से जुड़ी योजनाओं व नवीन तकनीकों की जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन रहीं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा किसानों की आय दोगुनी करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की है। इसके लिए आधुनिक खेती, उन्नत बीज, वैज्ञानिक पद्धति एवं समूह आधारित खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। एफपीओ के सीईओ कुलदीप मिश्रा को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीडी डॉ. प्रेम कुमार ठाकुर, नेशनल हेड रिटेल शितांशु कुमार, मार्केटिंग सेल्स मैनेजर परवेज खान, एरिया मैनेजर पवन राव तथा मॉल इंचार्ज विनय त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।महोत्सव में कृषि यंत्र, उर्वरक, बीज, बैंकिंग सेवाओं एवं ऋण सुविधाओं से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे। विशेषज्ञों द्वारा किसानों को फसल प्रबंधन, मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, फसल बीमा योजना तथा ऋण आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों ने भी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान का आश्वासन अधिकारियों ने दिया।



चौपाल में डीएम के हाथ से प्रशस्ति पत्र लेते कुलदीप। अमृत विचार

# चयनित परिवारों का बने कार्डः डॉ. संतलाल

**आयुष्मान भारत योजना**

**गोंडा, कार्यालय, अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग के सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए सीएमओ ने कड़े निर्देश दिए कि जिले का कोई भी पात्र व्यक्ति इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। आयुष्मान योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य निर्धन और जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि जानकारी के अभाव में अभी भी कई पात्र परिवारों ने अपने कार्ड नहीं बनवाए हैं। सीएमओ ने निर्देश दिया कि ब्लॉक स्तर पर आशा बहुओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से घर-घर जाकर सर्वे किया जाए और छूटे हुए पात्र लाभार्थियों का तत्काल पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य जिले के हर गरीब को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान करना है। कहा जिनकी आयु आधार कार्ड में 70 वर्ष से अधिक है वे अपना कार्ड बनवा लें। जिले में करीब 15 लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बना है लेकिन 8 .50 लाख ने ही योजना का लाभ दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि बीते 26 नवंबर से आयुष्मान कार्ड को लेकर अभियान चलाया जा रहा है यह अभियान 15 अप्रैल 2026 तक चलेगा। आयुष्मान कार्ड स्वास्थ्य विभाग की ओर से तो बनाया ही जाता है यदि किसी का नाम सूची में है तो वह अपने यहां कोटेदारों से भी संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनवा सकता है। कहीं कोई समस्या नहीं है फिर भी कहीं कोई दिक्कत आती है तो वह जिला मुख्यालय से संपर्क कर सकता है। सीएमओ ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को अपने क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों जैसे पंचायत भवनों और कोटे की दुकानों पर कैंप लगाने के निर्देश दिए।


बैठक करते सीएमओ डॉ . संतलाल पटेल। अमृत विचार

## आज लगेगा स्वास्थ्य कैंप पेंशनरों की होगी जांच

**गोंडा, अमृत विचारः** पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश गोंडा इकाई की ओर से जनपद के पेंशनर्स एवं जरूरतमंद नागरिकों के लिए 21 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे से निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स कक्ष में आयोजित होगा। संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के संयोजक गुलाब तिवारी, के.बी. सिंह एवं अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि बुजुर्गों में बढ़ती हृदय संबंधी समस्याओं को देखते हुए यह शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिससे उन्हें समय रहते उचित परामर्श और जांच की सुविधा मिल सके। शिविर में हिंद मेडिकल कॉलेज, बाराबंकी से संबद्ध वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव मरीजों की जांच करेंगे। उनके परामर्श पर ब्लड शुगर एवं ईसीजी की जांच भी निःशुल्क की जाएगी। इसके अतिरिक्त हृदय रोग से संबंधित आवश्यक चिकित्सीय सलाह भी प्रदान की जाएगी।


सपा नेता का स्वागत करते हफीज मलिक व अन्य। अमृत विचार

### कार्यकर्ताओं से किया एकजुटता का आह्वान

**गौरा चौकी, गोंडा :** सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजपाल कश्यप का पीडीए जनसंर्क कार्यालय पर सपा नेता हफीज मालिक ने स्वागत किया। बृहस्पतिवार देर शाम समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ श्याम लाल कश्यप का पीडीए जनसंपर्क कार्यालय गौरा चौकी में सपा नेता हफीज मलिक के अध्यक्षता में सपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने आए हुए नेताओं कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में अभी से जुट जाने का आह्वान किया और कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के साथ समाज के पिछड़ा वर्ग के अधिकारों के लिए और संघर्ष तेज करने के लिए बताया। कहा कि सरकार में पिछड़े वर्ग की कोई जगह नहीं है और सभी को पहले रमजान की बधाई दी। इसके साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार काम करने के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन पहुंचाने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर श्याम कृष्ण गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, राजेश साहू प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग, गौरा विधानसभा के भारी संख्या में सपा नेता कार्यकर्ता रहे।

# झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण जल्द

## विधान परिषद सदस्य ने प्रमुख सचिव से वार्ता कर उठाई मांग

संवाददाता बलरामपुर

**अमृत विचारः** नगर वासियों के आवागमन में बड़ी बाधा बनी झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर शीघ्र ही ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू होगा। इसका निर्माण होने से जिले सहित बाहरी अन्य लोगों को भी आवागमन में भारी सुविधा होगी। नगर वासियों को जाम के झाम से निजात मिल जाएगी। इसके साथ-साथ कटरा श्रावस्ती से मथुरा बाजार जाने वाले मार्ग पर राप्ती नदी मथुरा घाट पर शुरू हुए पुल निर्माण से भी लाखों लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इसके लिए विधान परिषद सदस्य सकेत मिश्रा ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग से वार्ता की है।

विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनीष शुक्ला ने बताया कि झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए काफी दिनों से स्थानीय जनता मांग उठा रही है। इस ओवर ब्रिज का निर्माण अत्यंत जरूरी है। जनता के आवागमन की परेशानी को देखते हुए विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्रा ने लखनऊ में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग से वार्ता की है।


विधान परिषद में पुल निर्माण के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद देते एमएलसी साकेत मिश्रा।

प्रमुख सचिव ने बताया कि शीर्ष ही ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के लिए टेंडर आदि की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी प्रदेश सरकार से इस ओवरब्रिज का निर्माण के लिए मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। ओवर ब्रिज का निर्माण बलरामपुर नगर वासियों के साथ-साथ पड़ोसी जनपदों के लिए भी अत्यंत जरूरी है। इससे लोगों को आवागमन में भारी सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा सत्र के दौरान एमएलसी साकेत मिश्रा ने कटरा से मथुरा जाने वाले मार्ग पर मथुरा घाट में राप्ती नदी पर पुल का निर्माण शुरू होने के लिए प्रदेश सरकार को बधाई दी है। इस पुल के निर्माण से बलरामपुर तथा श्रावस्ती जनपद के करीब 40 लाख लोगों के आगमन में भारी सुविधा मिलेगी।

# चंगेरिया फायरिंग कांड में अभियुक्त गिरफ्तार, गांव में तनाव, पुलिस तैनात

**संवाददाता करनैलगंज गोंडाः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंगेरिया में दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट व फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद गांव में एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकिस किसी भी प्रकार से माहौल खराब न हो सके। प्रभारी कोतवाल अरविंद कुमार ने बताया कि मामले में नामजद अभियुक्त प्रमोद कुमार राजपूत को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था कायम है और अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# जुमा पर उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

गैड़ास बुजुर्ग, बलरामपुर


रमजान माह में जुमे की नमाज अदा करते अकीदतमंद। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पाक माह रमजान के पहले शुक्रवार को जिले भर में अकीदत और इबादत का खास नजारा देखने को मिला। उतरौला, तुलसीपुर, पचपेड़वा, गैसड़ी, हरैया सतघरवा, रेहरा बाजार, सादुल्लाह नगर, श्रीदत्तगंज, महदेइया, महुआ बाजार, ललिया, महाराजगंज तराई और गैड़ास बुजुर्ग समेत विभिन्न क्षेत्रों की मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने जुमा की नमाज अदा की। रमजान के पहले जुमा की फजीलत को देखते हुए आम दिनों की अपेक्षा कहीं अधिक तादाद में नमाजी मस्जिदों में पहुंचे। अजान से पहले ही लोग गुस्ल कर साफ-सुथरे लिबास में, खुशबू लगाकर मस्जिदों की ओर रवाना हुए। भीड़ को देखते हुए मस्जिदों में अतिरिक्त चटाइयों और वजू के लिए पानी की विशेष व्यवस्था की गई थी। शहर की जामा मस्जिद, नौशहरा मस्जिद, ईदगाह मस्जिद समेत अन्य बड़ी व छोटी मस्जिदों में खुतबा के दौरान उलेमा ने रमजान की अहमियत और सवाब पर तकरीर की। मौलाना आसिफ रज़ा जियाई ने रोजे को सब्र, इबादत और गुनाहों से निजात का जरिया बताते हुए कहा कि रमजान तमाम महीनों का सरदार है और इस माह में नेकियों का सवाब सत्तर गुना बढ़ा दिया जाता है। पहले जुमा की नमाज के बाद लोगों ने मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी। पूरे क्षेत्र में उल्लास का माहौल रहा।

# रमजान की आमद से बाजार हुए गुलजार

संवाददाता बलरामपुर

**अमृत विचारः** पवित्र माह रमजान की आमद के साथ ही जनपद के बलरामपुर, उतरौला और तुलसीपुर के बाजार पूरी तरह गुलजार हो उठे हैं। सुबह से लेकर देर रात तक बाजारों में रौनक, रोशनी और खरीदारों की चहल-पहल साफ देखी जा रही है। हर तरफ रमजान की तैयारियों का उत्साह झलक रहा है। बलरामपुर के चौक बाजार और मेन मार्केट में नईम अंसारी, शकील अहमद, साजिद हुसैन और फरहान खान की कपड़ों की दुकानों पर कुर्ता-पायजामा, पठानी सूट और बच्चों के रंग-बिरंगे परिधानों की जबरदस्त मांग है। महिलाएं भी सलवार-सूट, हिजाब और अबाया की खरीदारी में जुटी हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार डिजाइनर कुर्तों और कढ़ाईदार टोपियों का खासा क्रेज है। उतरौला बाजार में रईस खान, फुरकान और नसीम अहमद की दुकानों पर अरबी खजूर, छुहारा, बादाम, काजू और सेवईं की बिक्री तेज हो गई है। इफ्तार की तैयारी के लिए रूह अफजा, शरबत, फल और मसालों की खरीदारी जोरों पर है। तुलसीपुर में अफजल कुरैशी और तौसीफ आलम की दुकानों पर इत्र, टोपी और सजावटी लाइटों की मांग बढ़ी है। शाम ढलते ही बाजारों में रोशनी की जगमगाहट और भी बढ़ जाती है। दुकानदार सलीम अंसारी और आरिफ मलिक बताते हैं कि रमजान से पहले ही बिक्री में अच्छी तेजी आई है, जिससे कारोबार में नई उम्मीद जगी है।


रमजान माह में दुकानों पर जुटी खरीदारों की भीड़। अमृत विचार

# युवती की अश्लील फोटो लगाई, केस

**मनकापुर, गोंडाः** कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि भिटौरा निवासी अंकित साहू बीते चार वर्षों से मोबाइल से बात करते थे। इसकी जानकारी होने पर माता-पिता अंकित के घर शादी के सिलसिले में बात करने गए तो उन लोगों ने शादी करने से इनकार कर दिया और धमकी दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि अंकित सोशल मीडिया पर उसकी आपत्ति जनक फोटो लगाते हैं। जिससे बड़ा अपमान हो रहा है। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़िता के तहरीर पर आरोपी अंकित व उसके माता, पिता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज किया गया है।

# मीना मंच व पावर एंजिल सशक्तिकरण पर जोर

संवाददाता इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचारः** ब्लॉक संसाधन केंद्र इटियाथोक में जेंडर इक्विटी कार्यक्रम के अंतर्गत मीना मंच एवं पावर एंजिल के सशक्तिकरण, नेतृत्व क्षमता विकास, जीवन कौशल शिक्षा तथा सेल्फ-एस्टीम कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ परिचय सत्र के साथ हुआ। कार्यशाला में संदर्भदाता दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने प्रशिक्षण के उद्देश्य, जेंडर इक्विटी परियोजना की रूपरेखा, उसके लक्ष्य, मीना मंच के गठन एवं उसके कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण से सक्रिय रूप से जोड़ने के लिए एक गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें उनसे अपने जीवन पर सर्वाधिक प्रभाव डालने वाले शिक्षक के अनुभवों को साझा करने और उनका अवलोकन करने को कहा गया। संदर्भदाता रामायण प्रसाद मिश्र ने पावर एंजिल के चयन की प्रक्रिया एवं उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत पावर एंजिल के नेतृत्व में समाज में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर एक समावेशी वातावरण का निर्माण किया जाना है। कार्यशाला में तृप्ति बंसल, शबनम आरा, सावित्री मिलन, गीता श्रीवास्तव, चंद्रशेखर तिवारी, अनुराग मिश्रा, रोहिणी नंदन मिश्रा, शिवांश, सुभाष सोनी रहे।

# समाज को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

**बलरामपुर, अमृत विचारः** एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर के शिक्षाशास्त्र विभाग तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ महाविद्यालय सभागार में हुआ। संगोष्ठी का विषय "वंचित बच्चों की शिक्षा में चुनौतियां, वर्तमान स्थिति, समाधान एवं भावी नियोजन" रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष प्रो. राजीव यादव, मुख्य अतिथि प्रो. प्रवीण कुमार, विशिष्ट अतिथि डॉ. रागिनी कुमारी, प्रबंध समिति के सचिव कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय तथा प्राचार्य प्रो. जे.पी. पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष प्रो. राजीव यादव ने कहा कि आर्थिक तंगी, आधारभूत सुविधाओं की कमी, डिजिटल विभाजन, बाल श्रम और लैंगिक भेदभाव वंचित बच्चों की शिक्षा में प्रमुख बाधाएं हैं। मुख्य अतिथि प्रो. प्रवीण कुमार ने समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और बाल श्रम समाप्त करने की आवश्यकता बताई। प्राचार्य प्रो. जे.पी. पाण्डेय ने कौशलयुक्त शिक्षा पर बल दिया। द्वितीय सत्र में डॉ. रागिनी कुमारी ने वंचित बच्चों की शैक्षिक समस्याओं


दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ करते अतिथिगण।

और उनके समाधान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो. वीणा सिंह, प्रो. पी.सी. गिरी, प्रो. मोहिउद्दीन अंसारी, प्रो. राघवेंद्र सिंह, प्रो. रेखा विश्वकर्मा, डॉ. शिव महेंद्र सिंह तथा डॉ. कमलेश कुमार सहित अनेक प्राध्यापक व शोधार्थी उपस्थित रहे। आयोजन सचिव डॉ. दिनेश कुमार मौर्य एवं समन्वयक प्रो. एस.पी. मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन से सचिव लेफ्टिनेंट डॉक्टर देवेंद्र कुमार चौहान ने किया।

# केडी सिंह स्टेडियम में चमकी बलरामपुर की शालिनी, 100 मीटर दौड़ में रजत जीता

**पचपेड़वा, बलरामपुरः** राजधानी लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता में जनपद की छात्रा कु. शालिनी ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। इस उपलब्धि से बलरामपुर का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में शालिनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह सफलता अर्जित की। वह राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विशुनपुर विश्राम पचपेड़वा की 'स्विंग टेक्नोलॉजी' ट्रेड की छात्रा हैं और ग्राम सोनपुर (पोस्ट भगवानपुर) निवासी चेतराम थारू की सुपुत्री हैं। शालिनी की सफलता पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने बधाई दी। नोडल प्रधानाचार्य मैथिली शरण, प्रधानाचार्य उमेश कुमार सिंह तथा केंद्र प्रबंधक आशीष कुमार भूषण ने इसे संस्थान और जनपद के लिए गर्व का क्षण बताया। प्रशिक्षकों ने शालिनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


पुरस्कार प्राप्त करते हुए शालिनी। अमृत विचार

## 10 छात्राएं राज्य स्तरीय हॉकी टीम में चयनित


राज्य स्तरीय हॉकी टीम में चयनित पायनियर पब्लिक स्कूल की छात्राएं।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** शहर के अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर की छात्राओं ने खेल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। दिनांक 20 फरवरी 2026 को आयोजित हॉकी ट्रायल के बाद विद्यालय की 10 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी, उपप्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय व उपप्रधानाचार्य राघवेन्द्र त्रिपाठी ने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उत्साहवर्धन किया। सचिव रश्मि सिंह एवं टीम कोच अमित राणा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने जिला खेल कार्यालय बलरामपुर द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग किया। सुधा गौतम, अदिती सिंह, सुजाता सिंह, आलिया पासवान, सिद्धी त्रिपाठी, रिद्धी श्रीवास्तव, प्रार्थना कश्यप, डिम्पल यादव, अनिष्ठा अग्रवाल व शिवांगी सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मंडल स्तर के ट्रायल में सफलता पाई और आगे चलकर वीर बहादुर स्पोर्ट्स कॉलेज, गोरखपुर में राज्य स्तरीय टीम के लिए चयनित हुईं। चयन प्रक्रिया उप क्रीड़ा अधिकारी अशोक कुमार सोनकर व खेलो इंडिया हॉकी कोच तौफीक के नेतृत्व में संपन्न हुई।

## लेखाकार में अन्य पद के लिए दी परीक्षा


विकास भवन में परीक्षा देतीं महिला अभ्यर्थी। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन संकुल स्तरीय संघ में आठ लेखाकार एवं 12 एमआइएस सहायक पदों पर चयन के लिए विकास भवन सभागार में परीक्षा आयोजित की गई। इसमें सात लेखाकर एवं सात एमआइएस सहायक पद के लिए महिलाओं ने परीक्षा में भाग लिया। उपायुक्त स्वत : रोजगार प्रियंवदा यादव ने बताया कि विकास खंड सदर, तुलसीपुर व श्रीदत्तगंज में संकुल स्तरीय संघ लेखाकार के आठ एवं एमआइएस सहायक के 12 रिक्त पदों के लिए कुल 41 महिलाओं ने आवेदन किए थे। सत्यापन में 19 आवेदन पात्र मिले। चयन प्रक्रिया पूरी करने को पात्र महिलाओं की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 19 के सापेक्ष 14 महिलाओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया है। बताया कि 50 प्रतिशत अंक पाने वाली महिलाओं को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

# जालसाजी कर केसीसी बनवाने वाली महिला गिरफ्तार, बैंक की लापरवाही भी आई सामने

**नवाबगंज, गोंडाः** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनवाकर बैंक से धनराशि हड़पने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में बैंक की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, रामापुर भगाही निवासी पानमती उर्फ पार्वती पत्नी बजरंगी विश्वकर्मा ने खुद को हरिवंशपुर निवासी एक व्यक्ति की पत्नी बताकर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की नवाबगंज शाखा से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर किसान क्रेडिट कार्ड बनवा लिया। हैरानी की बात यह है कि बैंक स्तर पर पहचान और दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया में कथित तौर पर गंभीर लापरवाही बरती गई। बताया जा रहा है कि बिना गहन जांच-पड़ताल और मूल अभिलेखों के मिलान के ही केसीसी स्वीकृत कर दिया गया। इतना ही नहीं, आरोपी महिला ने अपने पुत्र को गारंटर बनाकर धनराशि भी आहरित कर ली। मामले का खुलासा होने पर पीड़ित राममूरत निषाद ने 5 जुलाई 2025 को थाने में धोखाधड़ी व जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के दौरान साक्ष्य संकलित करते हुए गुरुवार को आरोपी महिला को गोण्डा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अभियुक्ता को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस घटना ने बैंकिंग व्यवस्था में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। यदि समय रहते सतर्कता बरती जाती तो संभवतः यह धोखाधड़ी रोकी जा सकती थी। अब देखना यह है कि मामले में बैंक स्तर पर क्या कार्रवाई की जाती है और जिम्मेदारी तय होती है या नहीं।

## अभियान को प्रभावी बनाने पर किया मंथन

**गोंडा, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित उम्मीद परियोजना के तहत जिला स्तरीय डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने की। परियोजना को पॉपुलेशन फाउंडेशन आफ इंडिया के वित्तीय सहयोग से जनपद के चयनित ब्लॉकों में संचालित किया जा रहा है। बैठक में एसबीसीसी अभियान 'इतनी भी क्या जल्दी है? की प्रगति की समीक्षा की गई तथा परिवार नियोजन और बाल विवाह रोकथाम के लिए अंतरविभागीय समन्वय को मजबूत करने पर जोर दिया गया। सीएमओ ने निर्देश दिए कि पोस्टर, फिल्में व अन्य प्रचार सामग्री का व्यापक प्रसार क्षेत्र स्तर तक सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अभियान को प्रभावी बनाने हेतु सामूहिक रणनीति पर सहमति व्यक्त की।

# 5 कस्तूरबा विद्यालय इंटर तक उच्चीकृत

**गोंडा, अमृत विचारः** जनपद में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय (केजीबीवी) योजना के तहत बड़ा बदलाव किया गया है। ब्लॉक स्तर पर संचालित 18 कस्तूरबा विद्यालयों में से पांच विद्यालयों का उच्चीकरण कर उन्हें इंटरमीडिएट स्तर तक विस्तारित कर दिया गया है। आगामी शैक्षणिक सत्र, जो अप्रैल से प्रारंभ होगा, से इन विद्यालयों में कक्षा 9, 10, 11 और 12 की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। जिले में वर्तमान में 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जहां प्रत्येक विद्यालय में 100 निर्धन एवं वंचित वर्ग की बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान की जाती है। अब हलधरमऊ, कटरा बाजार, झंझरी, बभनजोत और वजीरगंज स्थित विद्यालयों को उच्चीकृत कर उनकी छात्रा संख्या 100 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है। इस प्रकार पांचों विद्यालयों में कुल 500 अतिरिक्त बालिकाओं को इंटरमीडिएट स्तर तक शिक्षा का अवसर मिलेगा। इस निर्णय से उन छात्राओं को विशेष राहत मिलेगी जो कक्षा आठ उत्तीर्ण करने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए अन्यत्र भटकने को विवश हो जाती थीं। अब वे उसी परिसर में कक्षा नौ में प्रवेश लेकर इंटर तक की पढ़ाई पूरी कर सकेंगी। साथ ही यह प्रावधान भी किया गया है कि जिन अन्य कस्तूरबा विद्यालयों में केवल कक्षा आठ तक ही शिक्षा संचालित है, वहां की छात्राओं को भी इन उच्चीकृत विद्यालयों में प्रवेश दिया जा सकेगा। यदि निर्धारित संख्या पूरी नहीं होती है तो अन्य पात्र बालिकाओं को भी प्रवेश का अवसर मिलेगा। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक उच्चीकृत विद्यालय में एक प्रधानाचार्य, छह विषय विशेषज्ञ शिक्षक, एक लैब सहायक, एक कार्यालय अधीक्षक, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (चपरासी) तथा एक चौकीदार की नियुक्ति की गई है। कुल 55 युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं।

## हर होलिका स्थल पर अबीर-गुलाल की व्यवस्था



होली की तैयारी बैठक को संबोधित करते नगरपालिका अध्यक्ष और मौजूद अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** होली को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से आदर्श नपाप द्वारा एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में व्यवस्था बैठक हुई। अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने की। बैठक में पर्व के दौरान साफ-सफाई, पेयजल व पथ प्रकाश व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया सभी होलिका दहन स्थलों के पास चूने का छिड़काव कराया जाएगा। हर होलिका स्थल पर पालिका द्वारा 10 कुंतल लकड़ी, अबीर-गुलाल तथा मिठाई उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य मार्गों पर पथ प्रकाश की विशेष व्यवस्था रहेगी और विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने कहा कि होली प्रेम और सौहार्द का पर्व है, इसे मिलजुलकर शांतिपूर्वक मनाया जाए। किसी पर जबरन रंग न डाला जाए और धार्मिक भावनाओं का सम्मान रखा जाए। बैठक में 4 मार्च को झारखंडी मंदिर से चौक बाजार तक शोभायात्रा निकालने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर महंत बृजानंद महाराज, ईओ लाल चन्द्र मौर्य, अजय श्रीवास्तव सहित अनेक सभासद व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय शुक्ला ने किया।

# तीन घरों में हुई चोरी

**नवाबगंज, गोंडाः** थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव में गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए तीन घरों में चोरी कर सनसनी फैला दी। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

तुलसीपुर माझा निवासी रविन्द्र ने शुक्रवार सुबह थाने में दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। देर रात अज्ञात चोर छत के रास्ते सीढ़ियों से घर के भीतर दाखिल हो गए। चोरों ने अलमारी के पास रखी चाबी से ताला खोला और उसमें रखी नगदी व पत्नी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। सुबह करीब चार बजे जब रविन्द्र की नींद खुली तो घर का सामान अस्त-व्यस्त देखकर घटना की जानकारी हुई। शोर मचाने पर आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए। जांच पड़ताल में पता चला कि चोरों ने पड़ोसी सुकई के घर को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, गांव के ही दिग्विजय सिंह के घर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।वहीं सीओ तरबगंज यूपी सिंह ने भी मौके पर पंहुचकर जांच-पड़ताल की। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के खुलासे के लिए विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

# 28 को जिला पंचायत की सामान्य बैठक में 12 विकास प्रस्तावों पर होगा निर्णय

**गोंडा, अमृत विचारः** जिला पंचायत गोंडा की सामान्य बैठक 28 फरवरी को पूर्वाह्न 11:30 बजे जिला पंचायत सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष करेंगे। समस्त सदस्य एवं पदेन सदस्यों से समय से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। बैठक के एजेंडे में कुल 12 बिंदु शामिल किए गए हैं। सर्वप्रथम 7 मार्च 2025 को आयोजित पिछली सामान्य बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की जाएगी। इसके पश्चात जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद गोंडा के श्रम बजट की स्वीकृति पर विचार होगा। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-4) के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र गोंडा एवं कैसरगंज में भारत सरकार से स्वीकृत मार्गों की वित्तीय स्वीकृति के लिए जिला पंचायत के अनुमोदन पर निर्णय लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट तथा 2026-27 के मूल बजट की स्वीकृति पर मंथन होगा। पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पंद्रहवें वित्त आयोग की योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2025-26 की अनुपूरक कार्ययोजना की स्वीकृति का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। जिला पंचायत विकास योजना के तहत राज्य वित्त आयोग एवं केंद्रीय वित्त आयोग की वर्ष 2026-27 की कार्य योजनाओं पर भी निर्णय लिया जाएगा। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिला पंचायत की विभव एवं संपत्ति कर प्रस्तावना सूची की स्वीकृति पर विचार किया जाएगा।

# 18 युवाओं को दिए गए ऋण स्वीकृति पत्र

**बलरामपुर, अमृत विचारः**युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत ऋण वितरण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने चयनित 18 लाभार्थियों को चेक एवं ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए। योजना के अंतर्गत मोबाइल रिपेयरिंग, ब्यूटी पार्लर, टेंट हाउस, कार वॉशिंग समेत विभिन्न व्यवसाय शुरू करने के लिए युवाओं को आर्थिक सहायता दी गई, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित कर सकें। शिविर के दौरान विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा लगभग 50 ऋण आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर अमित कुमार, रवि कुमार शर्मा, पंकज यादव, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक रवीन्द्र सिंह तथा पंजाब नेशनल बैंक के जिला समन्वयक नितेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

